


संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी




पूर्णिया ,मंगलवार 23 सितंबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 183




"या देवी सर्वभूतेषु ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥"

**आस्था और श्रद्धा संग की गयी माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना, माँ ब्राह्मचारिणी की पूजा आज होगी नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने माँ शैलपुत्री की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की। माँ शैलपुत्री, जिन्हें शक्ति का पहला स्वरूप माना जाता है, सोमवार कों श्रद्धा और भक्ति भाव से उनकी पूजा अर्चना की गयी ।**

# त्योहारों को 'जीएसटी बचत उत्सव' के रूप में मनाएं : प्रधानमंत्री

## नई जीएसटी दरों से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि इस बार के त्योहारों को 'जीएसटी बचत उत्सव' के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि नई जीएसटी दरों से हर घर को अधिक बचत होगी और व्यापार तथा कारोबार जगत को बड़ी राहत मिलेगी।



**जीएसटी रिफॉर्म्स का सीधा लाभ :** प्रधानमंत्री ने अपने पत्र में बताया कि 22 सितंबर से लागू हुए नेक्सट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स का लाभ आम लोगों तक पहुंचेगा। अब साबुन, टूथपेस्ट, बिस्किट, चप्पल, साइकिल, खिलौने, कपड़े, घरेलू उपकरण और वाहन पहले की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। दुकानदारों ने 'पहले और अब' का बोर्ड लगाकर आम जनता को मूल्य में अंतर दिखाना शुरू कर दिया है।

**जीएसटी यात्रा और सुधार** प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि जीएसटी की यात्रा 2017 में शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि नए सुधारों के साथ जीएसटी का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा। उपभोक्ताओं को राहत के साथ-साथ व्यापारियों को भी सुगमता और पारदर्शिता मिलेगी।

**आत्मनिर्भर भारत का संदेश** प्रधानमंत्री ने पत्र में आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि लोग स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे, तो भारतीय उद्योग और कारोबार को मजबूती मिलेगी और लाखों नए रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कारोबारियों से भी स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

### आर्थिक प्रगति और विकास

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया और भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ रही है। ये सुधार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

### त्योहारों में खुशहाली और समृद्धि :

अंत में प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे बचत करें, स्वदेशी अपनाएं और त्योहारों को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ मनाएं। उन्होंने कामना की कि 'जीएसटी बचत उत्सव' हर परिवार के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए।

# जीएसटी की दरें कम होने से देश में आतिथ्य, परिवहन और सांस्कृतिक क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सरकार ने पर्यटन, परिवहन और सांस्कृतिक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी दरों में कटौती की है। अब 7,500 रुपये प्रतिदिन से कम दर वाले होटलों पर जीएसटी 12 से घटकर 5 फीसदी, 10 से अधिक व्यक्तियों की क्षमता वाली बसों पर 28 से घटकर 18 फीसदी और कला-सांस्कृतिक वस्तुओं







पर 12 से घटकर 5 फीसदी कर दिया गया है।

इन संशोधित दरों से पर्यटन किफायती होगा, विदेशी पर्यटक आकर्षित होंगे, साझा परिवहन को प्रोत्साहन मिलेगा और शिल्पकारों को सीधा लाभ होगा। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलेगा।

**- रक्षा मंत्री ने मोरक्को में प्रवासी समुदाय के साथ की बातचीत, भारत की तरक्की के बारे में बताया**

# रक्षा मंत्री ने मोरक्को में प्रवासी समुदाय के साथ की बातचीत, भारत की तरक्की के बारे में बताया

**नई दिल्ली/रबात,** (हि.स.)। भारत और मोरक्को ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को समझौता किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को की राजधानी रबात में मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदियी से मिले और रक्षा उद्योग, संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर रबात स्थित भारतीय



दूतावास में नई रक्षा शाखा खोलने की घोषणा भी की गई। दोनों देशों ने आतंकवाद-निरोध, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, शांति अभियानों और सैन्य चिकित्सा में सहयोग के लिए व्यापक रोडमैप पर सहमति जताई। राजनाथ सिंह ने भारतीय कंपनियों की मोरक्को की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से बातचीत में भारत की आर्थिक प्रगति, डिजिटल परिवर्तन और रक्षा उद्योग की उपलब्धियों की जानकारी दी।

# जीएसटी रिफॉर्म से खरीदारी और बचत में होगी ऐतिहासिक वृद्धि : नड्डा

**नई दिल्ली** (हि.स.)।

**» व्यापारियों को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और सुधारों को ग्राहकों तक पहुँचाने का आह्वान किया।**

--------------

केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लाजपत नगर के अमर कॉलोनी बाजार में जीएसटी बचत उत्सव के तहत व्यापारियों और दुकानदारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उन्हें शुभकामनाएं दी और



प्रधानमंत्री का संदेश पहुँचाया।

**स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा** :भाजपा अध्यक्ष ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों को अपने ग्राहकों तक पहुँचाएँ और स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बढ़ाएँ। दुकानदारों ने सुधारों को लागू करने और ग्राहकों तक पहुँचाने का आश्वासन दिया।

**जीएसटी सुधार से खरीदारी में बढ़ोतरी :** नड्डा ने कहा कि त्योहारों के मौसम में जीएसटी सुधार से खरीदारी बढ़ेगी और टैक्स में मिली छूट से उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलेगा। इससे आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती को बढ़ावा मिलेगा।

# केरल में दो कुलपतियों के नियुक्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट को विशेषज्ञ की रिपोर्ट का इंतजार



**नई दिल्ली,** (हि.स.)उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केरल के दो विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति पैनल से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को हटाने संबंधी राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने कहा कि इस मामले में पूर्व जज जस्टिस सुधांशु धूलिया की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा। राज्यपाल ने आरोप लगाया है कि नियुक्तियों में यूजीसी कानून का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार द्वारा संचालित कॉलेजों से जुड़े होते हैं, इसलिए कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया में उनकी भूमिका नहीं होनी चाहिए।

# इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 कैदियों की मौत, 14 घायल

**क्विटो,** (हि.स.)। दक्षिणी इक्वाडोर में सोमवार को हुई जेल हिंसा में कम से कम 14 कैदियों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने बताया कि बंदरगाह शहर मचाला की जेल में आपसी गिरोह संघर्ष के चलते यह झड़प हुई।

काले के अनुसार कैदियों ने जेलकर्मियों पर हमला कर दिया जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और कई अधिकारियों को बंधक बना लिया गया। उन्होंने बताया, "जेल के अंदर से कैदी गोलीबारी कर रहे थे, बम और ग्रेनेड फेंक रहे थे।"

अराजकता के दौरान कुछ कैदी जेल से भाग निकले, लेकिन अब तक 13 को दोबारा पकड़ लिया गया है। पुलिस के अनुसार करीब 40 मिनट की कड़ी कार्रवाई के बाद जेल पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया गया।

उल्लेखनीय है कि इक्वाडोर पिछले कुछ वर्षों से लगातार जेल दंगों से जूझ रहा है। इन घटनाओं में अब तक सैकड़ों कैदी मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति डैनियल नोबोआ की सरकार का कहना है कि गिरोहों के बीच इलाकों और ड्रग्स तस्करी पर नियंत्रण की लड़ाई ही इन हिंसक घटनाओं की जड़ है।

# वित्त मंत्री सीतारमण पहुंचीं स्टेशनरी की दुकान, लिया जीएसटी के 'क्रियान्वयन' का जायजा

**नई दिल्ली** (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को अगली पीढ़ी के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के 'क्रियान्वयन' का राजधानी नई दिल्ली के कई इलाकों का भ्रमण करके जायजा लिया। सीतारमण ने इसी कड़ी में लक्ष्मी नगर में एक स्टेशनरी एवं किराना की दुकान पर पहुंचकर देखा कि जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू सुधारों का आम लोगों को फायदा मिल रहा है या नहीं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने नवरात्रिके पहले दिन अगली पीढ़ी



के जीएसटी सुधारों के कार्यान्वयन के बाद नई दिल्ली के सुभाष चौक और लक्ष्मी नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और ग्राहकों से मुलाकात की। वित्त मंत्री ने इस मुलाकरत के दौरान दुकानदारों और उपभोक्ताओं का अभिवादन किया और उनसे बातचीत की। सीतारमण ने जीएसटी सुधारों पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं का जायजा लेने के लिए स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की।

वित्त मंत्री ने इस दौरान सभी को भारत में निर्मित 'स्वदेशी' उत्पादों को खरीदने और बेचने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसके बाद निर्मला सीतारमण ने संवाददाताओं के जवाब देते हुए कहा, "प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक रही है।" इस अवसर पर सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा भी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार का राहत पैकेज पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ मजाक : राहुल गांधी

## राहुल गांधी ने किसानों और बाढ़ प्रभावित जनता के लिए तुरंत व्यापक राहत पैकेज जारी करने की अपील की।

**चंडीगढ़,** (हि.स.)।

- **राहुल गांधी ने कहा कि बाढ़ से पंजाब को लगभग 20 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है।**

--------------------

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित राहत पैकेज को नाकाफी करार दिया है। उन्होंने इसे पंजाब के लोगों के साथ अन्याय बताया और प्रधानमंत्री से अपील की कि तुरंत एक व्यापक राहत पैकेज जारी किया जाए। राहुल गांधी



ने कहा कि बाढ़ से पंजाब को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि वर्तमान में घोषित 1600 करोड़ का प्रारंभिक पैकेज पर्याप्त नहीं है।

**रावी पार गांवों में जाने से रोका गया :** राहुल गांधी हाल ही में पंजाब दौरे पर थे। रावी पार के गांवों में जाने को लेकर सियासत गरमाई, क्योंकि पंजाब पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें पाकिस्तान की सीमा के पास स्थित इन गांवों में जाने से रोक दिया। इस घटना के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा किए और लोगों के साथ हुई बातचीत का 10 मिनट का वीडियो भी पोस्ट किया।

### किसानों और आम जनता के लिए समर्थन की अपील :

अपने पोस्ट में राहुल गांधी ने बताया कि बाढ़ के कारण लाखों घर उजड़ गए, चार लाख एकड़ से अधिक की फसल बर्बाद हुई और बड़ी संख्या में पशु बह गए। इसके बावजूद पंजाब के लोगों ने अद्भुत हिम्मत और जज्बा दिखाया। उन्होंने कहा कि उन्हें बस सहारे और मजबूती की जरूरत है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से दोबारा आग्रह किया कि व्यापक राहत पैकेज तुरंत जारी किया जाए, ताकि प्रभावित लोग अपने जीवन को सामान्य कर सकें।

# बेंगलुरु-वाराणसी फ्लाइट में कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश, यात्री हिरासत में

**वाराणसी,** (हि.स.)।

-------------------

**01: पायलट ने तुरंत एटीसी को सूचित किया और कॉकपिट का दरवाजा नहीं खोला।**

-------------------

**02 : आरोपी शिवकुमार और अन्य 8 यात्री पहली बार हवाई यात्रा कर रहे थे।**

-------------------

**03 : जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली; आरोपी को हिरासत में लिया गया।**



बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-1086 में सोमवार को हड़कंप मच गया, जब एक यात्री ने उड़ान के दौरान कॉकपिट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। पायलट ने इसे सुरक्षा खतरा मानते हुए तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित किया और कॉकपिट का दरवाजा नहीं खोला। विमान के सुरक्षित लैंडिंग के बाद सीआईएसएफ ने संबंधित यात्री को हिरासत में लिया।

**वास्तविक कारण: :** आरोपित ने बताया कि वह वॉशरूम जाना चाहता था, लेकिन गलती से कॉकपिट के पास स्थित कोड मशीन को दबा दिया। कॉकपिट का दरवाजा नहीं खुला और स्थिति नियंत्रण में आ गई। जांच में यात्रियों के पास कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

**यात्रियों का विवरण :** : पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) आकाश पटेल ने बताया कि बेंगलुरु से शिवकुमार नामक युवक के नेतृत्व में 9 यात्रियों का एक समूह धार्मिक दर्शन के लिए वाराणसी आया था। प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया कि सभी यात्री पहली बार हवाई यात्रा कर रहे थे।

# सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी के आरोपित नीरज कुमार को मुंबई से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 3.81 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित नीरज कुमार को मुंबई से गिरफ्तार किया। नीरज म्यूल (अवैध लेनदेन के लिए बनाए गए) खाते के जरिए अवैध धन को ट्रांसफर करने में मुख्यारोपित था।

सीबीआई के मुताबिक नीरज ने सह-आरोपित सुधीर पलांडे (वर्तमान में हिरासत में) के




साथ मिलकर इंडसइंड बैंक में एक म्यूल खाता खुलवाया, जिसमें एक ही दिन में 3.81 करोड़ रुपये जमा किए गए और तुरंत कई अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिए गए। नीरज ने सुधीर को मुंबई से नागपुर की यात्रा में भी मदद की थी। एजेंसी ने जुलाई 2025 में दर्ज इस मामले में जांच शुरू की थी।

तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के जरिए सीबीआई ने नीरज को पकड़ा। उसे विशेष अदालत में पेश कर सीबीआई हिरासत में भेजा गया। इस मामले में तीन अन्य आरोपित पहले से हिरासत में हैं। मामले की जांच चल रही है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना एवं अन्य जिलों में प्रमुख सड़क परियोजनाओं का किया : शिलान्यास

न्यूज स्केल पटना

**01:** दीघा से अन्य जिलों में कुल 225.475 कि0मी0 लंबाई की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास, लागत 2,900 करोड़ रुपये।

**02 :** बांका, मुंगेर और भागलपुर में धोरैया-इंगलिस मोड़-असरगंज पथ का निर्माण कार्य 650 करोड़ 51 लाख रुपये में शुरू।



माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिले के दीघा में आयोजित कार्यक्रम में 6495 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से जेपी गंगापथ परियोजना के दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोईलवर पुल के पहुंच पथ) तक विस्तारीकरण (लंबाई-35.65 कि0मी0) का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह परियोजना शहरवासियों के आवागमन को और सुविधाजनक बनाएगी और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तथा समय पर पूरा किया जाना चाहिए। **अन्य जिलों में सड़क निर्माण परियोजनाएँ** : मुख्यमंत्री जी ने दीघा से ही अन्य जिलों में कुल 225.475 किलोमीटर लंबाई वाली सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 2,900 करोड़ रुपये है। इनमें बांका, मुंगेर और भागलपुर जिलों में धोरैया-इंगलिस मोड़-असरगंज पथ का निर्माण कार्य (लंबाई-58.47 कि0मी0) 650 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से शामिल है। **मुजफ्फरपुर जिले में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण** मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी-औराई पथ में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य भी शुरू किया। यह परियोजना 814 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से हो रही है और इसमें पुल के पहुंच पथ सहित कुल लंबाई 21.3 कि0मी0 है।।

**शहरी और ग्रामीण आवागमन में सुधार** : इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल शहरवासियों का आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण इलाकों की मुख्य सड़कों से जुड़ाव भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए, समय पर परियोजनाओं का समापन सुनिश्चित किया जाए।

**परियोजनाओं का समग्र प्रभाव** पटना एवं अन्य जिलों में इन सड़क परियोजनाओं के शुभारंभ से राज्य के सड़क नेटवर्क में सुधार होगा, परिवहन समय में कमी आएगी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सड़क संपर्क बढ़ाने एवं यातायात सुविधा सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## स्वच्छता की ओर एक नई पहल – मौर्यलोक परिसर, पटना

न्यूज स्केल पटना



माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना स्थित मौर्यलोक परिसर में "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम में "स्वच्छता एक्सप्रेस वाहन" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगरों में स्वच्छता को बढ़ावा देना, कचरा प्रबंधन को और प्रभावी बनाना तथा आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। स्वच्छता एक्सप्रेस वाहन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे और इनसे कचरे का सही तरीके से संग्रहण और निस्तारण सुनिश्चित होगा। साथ ही ये वाहन आमजनों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि शहर स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। इस पहल के माध्यम से स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति जागरूक बिहार का संदेश भी दिया जाएगा। इस अवसर पर माननीय सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधायक श्री संजीव चौरसिया, नगर विकास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, अपर सचिव श्री विजय प्रकाश मीणा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को केवल सरकारी प्रयास तक सीमित न रखते हुए हर नागरिक की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर, स्वस्थ जीवन और स्मार्ट बिहार की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम है। जनता की सहभागिता से ही यह मिशन पूर्णतः सफल होगा।

## मुजफ्फरपुर जिला के मधौल से रोहुआ तक सड़क का होगा चौड़ीकरण : सम्राट चौधरी

पटना, (हि.स.)। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मधौल से रोहुआ तक 5.350 किमी सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। सात निश्चय-2 सुलभ सम्पर्कता योजना के अंतर्गत निर्माण होने वाली इस परियोजना पर 2959.61 लाख यानि 29 करोड़ 59 लाख 61 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने आज यहां बताया कि



इस स्वीकृति के तहत मधौल (एनएच-77) – सुस्ता – माधोपुर (एनएच-28) – शेरपुर – मिठनपुरा – बेला इमली चौक – रोहुआ पथ (कुल लंबाई 5.350 किमी) की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य किया जाएगा।उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सड़कों के अधोसंरचना के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है। वर्ष 2005 की तुलना में बिहार में सड़कों का एक विशाल नेटवर्क तैयार हुआ है।

## गांधी मैदान में तैयारियों का कड़ा निरीक्षण, जिलाधिकारी ने दिए अहम दिशा निर्देश

पटना, (हि.स.)।

**01:** अधिकारियों को निर्माण कार्य, सड़क और फुटपाथ मरम्मत, बाउंड्री सुदृढ़ीकरण व पाथवे सुगम बनाने के निर्देश दिए गए।

**02** भीड़-प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विधि-व्यवस्था के मानकों के अनुरूप त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने पर जोर।



जिलाधिकारी, पटना ने गांधी मैदान और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आगामी रामलीला महोत्सव (22 सितम्बर से 3 अक्टूबर), दशहरा महोत्सव (25 सितम्बर से 28 सितम्बर) एवं रावण-वध (2 अक्टूबर) की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन स्थल को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। **निर्माण कार्यों और सड़क सुरक्षा पर ध्यान** : जिलाधिकारी ने मेट्रो अधिकारियों को गेट नं. 4 एवं 5 के पास निर्माण कार्य के कारण किए गए बैरिकेडिंग को उत्तर की तरफ अंदर करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं को बाउंड्री के बाहर फुटपाथ और सड़क की मरम्मति सुनिश्चित करने के साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को नाले के ऊपर स्लैब की मरम्मति करने का निर्देश दिया गया। **सुरक्षा और आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित** जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन टीमों को सतर्क रखा जाए और आयोजन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व मार्गदर्शन व्यवस्था हो। इसके अलावा, उन्होंने आयोजकों और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि समारोह के दौरान जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हों।

**गांधी मैदान की बाउंड्री और पाथवे की मरम्मत :** भवन निर्माण विभाग के अभियंताओं को गांधी मैदान की बाउंड्री का सुदृढ़ीकरण करने और बाउंड्री के अंदर पाथवे को सुगम बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को भीड़-प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और विधि-व्यवस्था संधारण के मानकों के अनुरूप त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## बिहार में 12 से 31 अक्टूबर के बीच होगी राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा

पटना, (हि.स.)। बिहार सरकार ने राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 2025 की तिथि का ऐलान कर दिया है। परीक्षा 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19 सितंबर से 27 सितंबर तक चलेगी। शिक्षा विभाग ने अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने और परीक्षा की तैयारी पर ध्यान देने का आग्रह किया है। **शिक्षा विभाग की पिछली उपलब्धियां** : सुनील कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों में शिक्षा विभाग ने 33,000



प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति की है। इसके अलावा 2.33 लाख से अधिक अध्यापक बीपीएससी के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं। राज्य सरकार ने अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं और लगभग 40-41 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। कुल मिलाकर 50 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार का लाभ मिला है। **ऑनलाइन परीक्षा और पारदर्शिता** : मंत्री ने अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया कि इस बार एसटीईटी की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य योग्य अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर प्रदान करना है। सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार युवाओं के हित का ध्यान रख रहे हैं और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया गया है, जिसे भविष्य में और बढ़ाया जाएगा।

**टीआरई-4 बहाली में बड़ी नियुक्तियां** : शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने टीआरई-4 बहाली का रोडमैप साझा किया। उन्होंने बताया कि अगले 4 से 5 दिनों में टीआरई-4 की वैकेंसी जारी कर दी जाएगी। इस बार 26,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां होंगी। हालांकि कुछ जिलों में रोस्टर क्लीयरेंस का काम बाकी है, बाकी जिलों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद पांचवें चरण की बहाली भी की जाएगी।

**वैकेंसी निर्धारण छात्रों की संख्या पर आधारित** : त्री ने कहा कि कुछ लोग वैकेंसी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन रिक्तियों का निर्धारण विद्यालयों में छात्रों की संख्या के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में बिहार के सरकारी विद्यालयों में 1.76 करोड़ छात्र पढ़ रहे हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सभी नियुक्तियां छात्र संख्या और जरूरत के अनुसार हों।

## बिहार सरकार को 10 वर्षों में दस्तावेज निबंधन से दोगुना हुआ राजस्व संग्रह

**डिजिटल निबंधन प्रक्रिया से घर बैठे ऑनलाइन निबंधन और दस्तावेज डाउनलोड करना संभव हुआ**

पटना, (हि.स.)। बिहार में पिछले 10 वर्षों में जमीन, मकान और फ्लैट जैसी संपत्तियों के निबंधन से होने वाला राजस्व दोगुने से अधिक हो गया है। राज्य के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक कुल 1 करोड़ 22 लाख 66 हजार दस्तावेजों का निबंधन हुआ, जिससे 49,606.69 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। **दस्तावेज निबंधन में लगातार वृद्धि** : वित्तीय वर्ष 2015-16 में लगभग 11 लाख दस्तावेजों के निबंधन से 3,562 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जबकि 2024-25 में 16 लाख 61 हजार दस्तावेजों के निबंधन से 7,648.88 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। वर्ष 2023-24 में 14 लाख से अधिक दस्तावेजों का निबंधन हुआ, जिससे 6,170 करोड़ रुपये से अधिक की आय दर्ज की गई।

**डिजिटल निबंधन ने बढ़ाई सुविधा और पारदर्शिता :** राज्य सरकार ने निबंधन प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया है। अब लोग घर बैठे ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं और संबंधित दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर तक 7 लाख 57 हजार दस्तावेज निबंधित हो चुके हैं, जिससे 3,418.52 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि दस्तावेज निबंधन की संख्या और उससे होने वाली आय में निरंतर वृद्धि हो रही है।

## बिहार विधानसभा चुनाव-2025 को लेकर सीमावर्ती जिलों में बनाए जाएंगे 393 चेकपोस्ट :एडीजी




पटना, (हि.स.)। आगामी विधानसभा चुनाव-2025 को देखते हुए बिहार पुलिस ने सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी है। राज्य में शराब और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए 23 प्रमुख स्थानों पर 393 चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, पड़ोसी राज्यों के जिलों में 176 संवेदनशील स्थानों पर मिरर चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं। यूपी में 96, पश्चिम बंगाल में 34 और झारखंड में 46 मिरर चेकपोस्ट स्थापित किए जा रहे हैं।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी और पंजीकरण** : अगस्त 2025 तक अवैध शराब के मामले में 84,789 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें 52,470 पीने वाले, 2,416 वारंटी और 29,903 आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। 14,083 आरोपियों के नाम गुंडा पंजी में दर्ज किए गए।

**नेपाल और अन्य राज्यों से तस्करी पर नियंत्रण** : नेपाल से शराब की तस्करी रोकने के लिए बिहार-नेपाल सीमावर्ती जिलों में इस साल जुलाई तक 188 बैठकें आयोजित की गईं। इसके अलावा, पड़ोसी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ भी कई बैठकें हुई हैं।

**अवैध शराब पर कार्रवाई में इजाफा** : एडीजी (मद्य निषेध इकाई) अमित कुमार जैन ने बताया कि जनवरी से अगस्त 2025 तक 6,20,322 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 72 करोड़ 64 लाख रुपये है। इसमें 12,515 लीटर देसी और 5,74,526 लीटर विदेशी शराब शामिल है। पिछले वर्ष की तुलना में यह कार्रवाई 16 प्रतिशत अधिक है। 2016 में लागू शराबबंदी कानून के बाद अब तक 2 करोड़ 75 लाख 75 हजार 369 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है, जिनमें से 97 प्रतिशत नष्ट कर दी गई है। **राज्य के बाहर से शराब तस्करी पर निगरानी** : बिहार में शराब की सबसे अधिक तस्करी उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश से हो रही है। बरामद शराब के क्यूआर कोड और बैच नंबर के जरिए होलसेलर और रिटेलर की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## बिहार कृषि विभाग को मिला ''स्कॉच गोल्ड अवार्ड -2025

पटना, (हि.स.)। नई दिल्ली में आयोजित स्कॉच अवार्ड्स के 102वें संस्करण में कृषि विभाग, बिहार सरकार को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राज्य सरकार द्वारा विकसित अभिनव "बिहार कृषि ऐप" को किसानों की सुविधा, सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में डिजिटल नवाचार के लिए प्रदान किया गया है। "बिहार कृषि ऐप" राज्य के किसानों के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जो उन्हें खेती से संबंधित आवश्यक और उपयोगी जानकारियाँ एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। इस ऐप के माध्यम से



किसानों को फसल प्रबंधन की आधुनिक तकनीक, सरकारी योजनाओं की ताजा जानकारी, बाजार भाव, प्रशिक्षण सामग्री तथा तकनीकी सहयोग जैसी सेवाएं आसानी से प्राप्त होती हैं। इस पहल ने राज्य के लाखों किसानों को कृषि संबंधी नवीनतम जानकारी और सेवाओं तक सीधे और सरल पहुंच प्रदान की है। **इस अवसर पर प्रधान सचिव, कृषि विभाग पंकज कुमार ने कहा** – "बिहार कृषि ऐप को स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाना बिहार सरकार की किसानों के उत्थान के लिए की गई डिजिटल पहल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह ऐप किसानों को योजनाओं की जानकारी, फसल प्रबंधन और तकनीकी मार्गदर्शन जैसी अनेक सेवाएं उपलब्ध कराता है।

# समीक्षा बैठक! जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने विभिन्न विभागों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की, जारी किये निर्देश

## डीएम ने पूर्णिया में विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान, सरकारी सेवाओं और विकास कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को महानंदा सभागार पूर्णिया में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में उच्च न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन, आरटीपीएस और सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन, पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की गतिविधियाँ, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का समाधान, डेली क्राइसिस रिपोर्ट का विश्लेषण और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत मतदाता निबंधन प्रपत्रों की त्रुटिरहित समीक्षा शामिल रही।



**5 . विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025,कोई योग्य मतदाता न छूटे**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त प्रपत्र 6, 7 और 8 का त्रुटिरहित निष्पादन समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों, आवेदनों और शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार पूर्णिया जिले में सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता, जनसुविधा और विकास कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

**1. उच्च न्यायालय से संबंधित वादों की समीक्षा**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ उच्च न्यायालय से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वादों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि अति महत्वपूर्ण मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और संबंधित शपथ पत्र अविलंब दायर हों।

**2.आरटीपीएस सेवाओं की समीक्षा**

जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में आरटीपीएस के अंतर्गत प्रदान की जा रही सेवाओं की प्रखंडवार समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का समयपूर्व निष्पादन सुनिश्चित करें और लंबित आवेदनों का त्वरित निपटान किया जाए।

**3.पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य की समीक्षा**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

**4.सीपीग्राम पोर्टल आवेदनों की समीक्षा**

जिलाधिकारी ने सभी वरीय पदाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन तत्काल और समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

**6. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अभियान बसेरा-2, जमाबंदी आधार सीडिंग, लगान निर्धारण और संबंधित आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

**7.विद्युत आपूर्ति समस्याओं की समीक्षा**

जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि भवानीपुर-अकबरपुर, जाबे और बडहरी पंचायतों में खराब ट्रांसफार्मर बदलें और वार्ड 8 के महादलित वसदेव टोला में सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

**9. डेली क्राइसिस रिपोर्ट की समीक्षा**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन प्राप्त परिवादियों को शीघ्र निष्पादित किया जाए और समस्याओं का पारदर्शिता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# पूर्णिया में राजस्व भूमि अधिग्रहण और मुआवजा शिविर की तैयारियां पूरी, जिलाधिकारी ने दिया सत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में आयोजित की गयी। साप्ताहिक बैठक में जिले के भू-अर्जन कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि राज्य उच्च पथ संख्या 99 ( बायसी–बहादुरगंज–दिघलबैंक ) के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण हेतु पूर्णिया जिले के अंचल बैसा, मौज रोटा में 0.21 एकड़ भूमि को सतत लीज पर अधिग्रहित किया गया है। इस अधिग्रहण का बिक्री आंकड़ा/दर पहले ही संसूचित किया जा चुका है और निःशुल्क निबंधन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



**अमौर–बहादुरगंज पथ पर कनकई नदी में आरसीसी पुल के लिए मुआवजा शिविर 23 सितम्बर को होगा आयोजित**

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने आगे बताया कि अमौर–बहादुरगंज पथ के पवें मिल से कनकई नदी पर बैसाघाट में आरसीसी पुल निर्माण हेतु अर्जित भूमि की अंतिम प्राक्कलन के अनुसार शेष राशि उपलब्ध कराई गई है। मुआवजा प्राप्ति के लिए संबंधित नागरिकों हेतु 23 सितम्बर 2025 को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**महेशखूंट–सहरसा–पूर्णिया पैकेज परियोजना का मुआवजा भुगतान पूर्ण**

जिलाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने महेशखूंट–सहरसा–पूर्णिया पैकेज परियोजना के कार्यों की जानकारी ली। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त परियोजना के लिए अर्जित भूमि और उस पर स्थित संरचना का मुआवजा भुगतान पूरी तरह से किया जा चुका है। कोई भी नागरिक का भुगतान कार्यालय में लंबित नहीं है।

**जिलाधिकारी ने दिए सत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश**

जिलाधिकारी ने बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए कि 23 सितम्बर 2025 को निर्धारित शिविर में सभी कार्यों की जांच के बाद सत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

1. राज्य उच्च पथ संख्या 99 के लिए 0.21 एकड़ भूमि अधिग्रहित।
2. भूमि निःशुल्क निबंधन की स्वीकृति प्राप्त।
3. अमौर–बहादुरगंज पथ पर आरसीसी पुल के मुआवजा शिविर 23 सितम्बर को।
4. महेशखूंट–सहरसा–पूर्णिया पैकेज का मुआवजा भुगतान पूरी तरह संपन्न।
5. -जिलाधिकारी ने शिविर में सत प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# भट्ठा बाजार में विधायक विजय खेमका के नेतृत्व में भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया शहर के भट्ठा बाजार में सोमवार कों भाजपा विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक विजय खेमका ने प्रतिष्ठान मालिकों और आम उपभोक्ताओं का स्वागत गुलाब के फूल देकर किया और उन्हें जीएसटी बचत उत्सव की जानकारी दी।



**प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी सरलीकरण का स्वागत**

विधायक खेमका ने बताया कि दुर्गा पूजा के प्रथम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बड़ा तोहफा देते हुए जीएसटी को सरल किया। इसके परिणामस्वरूप घरेलू सामान, खाद्य सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दोपहिया वाहन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के दामों में उल्लेखनीय कमी आई है।

**स्वदेशी अपनाने और बिक्री बढ़ाने का आह्वान**

विधायक ने लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ और दुकानदार भाइयों से अनुरोध किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर "स्वदेशी सम्मान की बिक्री" का बोर्ड लगाकर आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान दें। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज सिंह, राजेश चौरसिया, श्रवण मंडल, सरिता राय, उषा दास, पंकज कुमारी, काली कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# नई जीएसटी दरों से आम जनता को बड़ी राहत : बीमा और दवाओं पर कर मुक्ति से बढ़ी खुशियां : डॉ संजीव कुमार सिंह

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

22 सितंबर से पूरे देश में लागू हुई नई जीएसटी दरों ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही जीवन रक्षक दवाओं को 5% स्लैब में रखा गया है, जबकि डेयरी दूध पर जीएसटी में छूट देकर इसे और किफायती बनाया गया है। फेस पाउडर और शैंपू जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं पर भी कर घटने से अब यह पहले से सस्ती मिलेंगी



**01 :** नई जीएसटी दरों से स्वास्थ्य सेवाओं और बीमा पॉलिसियों पर लोगों का खर्च घटेगा।

**02:** रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम कम होने से घरों का किचन बजट संतुलित रहेगा।

**03 :** विशेषज्ञों का मानना है कि इन सुधारों से आम लोगों की क्रयशक्ति बढ़ेगी और बाजार में मांग तेजी से बढ़ेगी।

यह कदम सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। सरकार का यह निर्णय मध्यम वर्ग और आम नागरिकों को सीधी राहत देने वाला है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से धन्यवाद करता हूँ और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी आभार प्रकट करता हूँ।
प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि देश को आत्मनिर्भर बनाना ही समय की मांग है। आम नागरिकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद अपनाएं और भारत में निर्मित वस्तुओं की ही खरीददारी करें। इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी बल्कि त्योहारों के इस मौसम में स्थानीय दुकानदारों को भी सीधा लाभ होगा।"
**– डॉ. संजीव कुमार, बिहार भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक और पूर्णिया के प्रख्यात सर्जन**

**नई जीएसटी दरों के प्रभाव त्योहारों में उपभोक्ताओं और व्यापारियों की उम्मीदें**

त्योहारों के मौसम में लागू हुए इन फैसलों से उपभोक्ताओं में उत्साह है। व्यापारी भी उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार खरीदारी का माहौल पहले से बेहतर होगा। नई कर व्यवस्था को लेकर व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों का मानना है कि यह कदम सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' नीति को मजबूत करेगा।

# नवरात्र पर पूर्णिया टीवीएस गुलाबबाग में धमाकेदार ऑफर, GST डिस्काउंट के साथ आकर्षक उपहार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

नवरात्र पर्व के अवसर पर पूर्णिया टीवीएस, गुलाबबाग, अपने ग्राहकों के लिए बम्पर धमाका ऑफर लेकर आया है। शोरूम की ओर से GST डिस्काउंट का लाभ सीधे ग्राहकों को दिया जा रहा है, जिससे टीवीएस की गाड़ियों की कीमत में दस हजार रुपये तक की कटौती का फायदा ग्राहकों को लाभ के रूप में मिल रहा है।

**त्योहारों पर GST डिस्काउंट का शानदार तोहफा**

श्री खेमका ने बताया कि स्क्रैच कूपन ऑफर 22 सितंबर से 18 अक्टूबर तक लागू रहेगा और धनतेरस की अग्रिम बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को त्योहारों पर GST डिस्काउंट का तोहफा देने के निर्णय को टीवीएस कंपनी सीधे ग्राहकों तक पहुंचा रही है, जिससे शोरूम में अच्छी संख्या में बुकिंग हो रही है।




**नवरात्र से धनतेरस तक आकर्षक उपहार स्कीम**

टीवीएस शोरूम के प्रबंध निदेशक चिरंजीव खेमका ने बताया कि नवरात्र से धनतेरस तक हर गाड़ी की खरीद पर स्क्रैच कूपन के माध्यम से निश्चित ब्रांडेड उपहार ग्राहकों को ऑन-स्पॉट प्रदान किए जा रहे हैं। इस वर्ष उपहारों में ट्राली बैग, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक कुकर, डिनर सेट, बाल्टी सेट, कैसेरोल सेट, ब्लैंकेट सेट और अन्य कई आकर्षक आइटम शामिल हैं।

**गाड़ियों की खरीद पर 100%फाइनेंस की व्यवस्था**

टीवीएस पूर्णिया गुलाबबाग के निदेशक चिरंजीवी खेमका ने बताया कि गाड़ियोंनकी खरीद पर निश्चित उपहार के अतिरिक्त, नवरात्रि के अवसर पर शोरूम में 100% फाइनेंस और सबसे कम ब्याज दर पर 5 मिनट में फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। सभी मॉडल और रंग विकल्प उपलब्ध होने से ग्राहकों को गाड़ी चयन में कोई कठिनाई नहीं होगी। शो रूम के निदेशक ने गाड़ी की खरीद या बुकिंग के लिए ग्राहक मोबाइल नंबर 9297973002 पर संपर्क कर गाड़ियों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होने की बात भी कही हा उन्होंने बताया हा की ग्राहक इस नम्बर पर कॉल कर गाड़ियों की बुकिंग करा सकते हैं।

**01** GST डिस्काउंट के साथ टिविएस गाड़ियों पर 10,000 रुपये तक की छूट।
**02** नवरात्र से धनतेरस तक हर गाड़ी पर स्क्रैच कूपन के माध्यम से निश्चित ब्रांडेड उपहार।
**03** उपहारों में ट्राली बैग, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक कुकर, डिनर सेट, बाल्टी सेट, कैसेरोल सेट, ब्लैंकेट सेट शामिल।
**04** 100% फाइनेंस और सबसे कम ब्याज पर 5 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध।

# पूर्णिया एवं केनगर पुलिस ने स्मैक के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 सितंबर 2025 को स्मैक तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में के0नगर थाना एवं तकनीकी शाखा पूर्णिया की टीम ने सहयोग किया।



**जप्त की गई अवैध सामग्री**

पुलिस ने अभियुक्त के पास से कुल 312 ग्राम स्मैक, नकद 1,30,400 रुपये और एक मोबाईल जब्त किया। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में नशे की तस्करी को रोकने में बड़ी सफलता मिली है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त शंभू चौहान, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व. बीकू चौहान, निवासी शांतिनगर दालकोला, वार्ड नं. 09, थाना दालकोला, जिला उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# सदर थाना के कटिहार मोड़ टीओपी पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सदर थाना के कटिहार मोड़ टी0ओ0पी0 पुलिस ने चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सूरज राम, उम्र 28 वर्ष, पुत्र दिलीप राम, निवासी नया टोला अब्दुल्ला नगर, वार्ड संख्या 42, थाना सदर, जिला पूर्णिया बताया गया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी सूरज राम को तीन मोबाइल चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया है।

थाना पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता,नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

# शारदीय नवरात्र का शुभारंभ : घट स्थापना संग वैदिक श्लोक से गूंजा वातावरण,आज मां ब्रह्मचारिणी की होगी पूजा

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

आस्था और श्रद्धा का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्तिभाव के वातावरण के बीच घट स्थापना के साथ शुरू हो गया। शहर से लेकर गांवों तक मंदिरों और पूजा स्थलों पर सुबह से ही भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। नवरात्र में माँ की आराधना और साधना में लीन भक्तों के घर में अखंड दीप, शांति कलश और दुर्गा सप्तशती के पाठ से वातावरण देवीमय हो उठा।

**घट स्थापना में वैदिक श्लोक के उच्चारण से गूंजा वातावरण**

सोमवार को शुभ मुहूर्त में जिलेभर के मंदिरों और घरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत वेदी पूजन, कलश स्थापना और संकल्प के साथ मां दुर्गा की



उपासना का प्रारंभ किया। गुलाबबाग सहित शहर से लेकर गांव तक के प्रमुख मंदिरों में विशेष अनुष्ठान संपन्न हुए। वैदिक श्लोकों और देवी स्तुति के बीच पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई।

मां ब्रह्मचारिणी की आज, होगी आराधना

मंगलवार को नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाएगी। तपस्या की देवी मानी जाने वाली मां ब्रह्मचारिणी की उपासना साधकों को संयम, आत्मबल और ज्ञान प्रदान करती है। शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही विशेष अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन शुरू हो चुका है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

**नौ दिनों तक साधना और उपासना**

आचार्यों के अनुसार, कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाएगी। हर दिन देवी के एक रूप को समर्पित होगा। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना के बाद आज मंगलवार कों मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जायेगी । आने वाले दिनों में भक्त देवी दुर्गा के अन्य स्वरूपों की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। नवरात्र के प्रथम दिन हीं भक्ति, श्रद्धा और मंत्रोच्चारण से पूर्णिया सहित पूरा जिला देवीमय हो उठा है।

### माँ ब्राह्मचारणी की पूजा आज,

माँ ब्रह्मचारिणी हिन्दू धर्म की देवी दुर्गा के नव रूपों में से दूसरी माता हैं। इन्हें विशेष रूप से सत्संग, तपस्या और ब्रह्मचर्य का प्रतीक माना जाता है। माँ ब्रह्मचारिणी का व्रत और पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है।

माँ ब्रह्मचारिणी शांत और सरल मुद्रा में दिखाई देती हैं। उनके हाथ में कमल का फूल या जपमाला और कमंडल होता है। वे सफेद वस्त्र पहनती हैं, जो उनके शुद्धता और तपस्या का प्रतीक हैं। उन्हें ब्रह्मचर्य और तपस्या की देवी है, वे ज्ञान, संयम और आत्मानुशासन का प्रतीक हैं। उनके आशीर्वाद से भक्तों में धैर्य और मानसिक शक्ति बढ़ती है। माँ ब्रह्मचारिणी की उपासना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। उनकी पूजा सुबह या शाम को स्नान के बाद की जाती है।

उन्हें फूल, जल, धूप और दीप अर्पित किया जाता है। भगवती के मंत्र या उनके नाम का जाप किया जाता है,

## शारदीय नवरात्र : किडज़ी जॉनी किड्स में कलश स्थापना, नौ दिनों तक होगा पाठ और पूजा का आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर किडज़ी जॉनी किड्स एवं माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में सोमवार को कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक त्रिदीप कुमार दास ने बच्चों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की। प्राचार्या श्रीमती अम्बरीन खान सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ इस अनुष्ठान में भाग लिया।

कलश स्थापना के साथ ही विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। स्कुल के निदेशक ने बताया कि आने वाले नौ दिनों तक विद्यालय में



पाठ और पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर निदेशक दास ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने बच्चों को माँ दुर्गा, नवरात्र और उससे जुड़ी आस्थाओं का महत्व भी समझाया।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि किडज़ी जॉनी किड्स में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर त्योहार और सांस्कृतिक परंपरा का महत्व समझाया जाता है। इससे छात्रों में जहां ज्ञान की वृद्धि होती है, वहीं संस्कारों का भी विकास होता है। नवरात्र के अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह सकारात्मक और ऊर्जावान बना हुआ है।

# विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया शहर की सड़क व बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया निरीक्षण

## मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों का विधायक ने किया मुआयना

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

पूर्णिया शहर में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना से बन रही सड़कों का निरीक्षण विधायक विजय खेमका ने किया। बुडको के अधिकारियों की उपस्थिति में विधायक विजय खेमका ने नगर निगम के वार्ड संख्या 10 (गुडमिल्की), न्यू वसंत विहार तथा वार्ड 1 की डिफेन्स कॉलनी और मौर्य कॉलनी में चल रहे सड़क निर्माण का मुआयना किया गया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से जनसंपर्क कर एनडीए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

**पहले चरण के 30 सड़क निर्माण का अवलोकन, दूसरे चरण का कार्य जल्द शुरू**

विधायक ने बताया कि शहर के



विभिन्न वार्डों में पहले चरण के 30 सड़क निर्माण कार्य बुडको द्वारा किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर दूसरे चरण के 29 सड़क निर्माण कार्य भी शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही दो बड़े नाले निर्माण की प्रगति की जानकारी उन्होंने बुडको के एसडीओ से ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**नगर निगम की तैयार योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन**

विधायक ने नगर आयुक्त को यह जानकारी देते हुए कहा कि नगर निगम अंतर्गत 85 सड़क, जिनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनका निर्माण शीघ्र शुरू किया जाए। इसके अलावा उन्होंने शहर के दो तालाबों का सौंदर्यकरण और दो पार्कों का निर्माण कार्य भी तत्काल शुरू करने को कहा।

पूर्णिया शहर की विकास योजनाओं को तेज़ गति से आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत पहले चरण में बन रही 30 सड़कों का निरीक्षण किया और दूसरे चरण के 29 सड़कों का निर्माण जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। शहर के दो बड़े नाले, दो तालाबों का सौंदर्यकरण और पार्क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। साथ ही, बिहार टॉकीज सड़क, लखन चौक से रजनी चौक और झंडा चौक से दुर्गाबाड़ी फ्लावर मील तक की प्रमुख सड़क को मोटरेबल बनाने के लिए नगर आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। हम सभी वार्डों में विकास कार्यों की प्रगति पर निगरानी बनाए रखेंगे और लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करेंगे।"

**विजय खेमका, विधायक पूर्णिया**

**महत्वपूर्ण मार्गों को शीघ्र मोटरेबल बनाने का निर्देश**

इस दौरान विधायक द्वारा नगर आयुक्त को बिहार टॉकीज की सड़क, लखन चौक से रजनी चौक सड़क और झंडा चौक से दुर्गाबाड़ी फ्लावर मील तक की महत्वपूर्ण सड़कों को शीघ्र मोटरेबल बनाने का भी निर्देश दिया गया।

**जनसंपर्क कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सहभागिता** : नगर भ्रर्मण और निरिक्षण के उपरांत विधायक ने अपने जन सम्पर्क कार्यालय में लोगों से मुलाक़ात कर संवाद किया, इस दौरान विधायक के जनसंपर्क कार्यक्रम में सजल दास, संजय दास, पवन राय, बिपिन राय, गणेश घोष, चंदन महलदार और मिथिलेश पोद्दार इत्यादि

## पूर्णिया में नया 10 MVA ट्रांसफॉर्मर और एयरफोर्स लाइन निर्माण के कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में विद्युत आपूर्ति 23 सितंबर 2025 को सुरक्षा और विकास कार्यों के कारण कुछ घंटों के लिए प्रभावित रहेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता श्री बालवीर प्रसाद बागिश ने बताया कि इस दौरान उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है, लेकिन यह कार्य लंबे समय में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

विद्युत शक्ति उपकेंद्र धरहरा बनमनखी में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नया 10 MVA पावर ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापित किया जाएगा। इस कार्य के दौरान सुरक्षा कारणों से इस उपकेंद्र से निकलने वाली सभी 11 KV और 33 KV की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस समय तीन विद्युत शक्ति उपकेंद्र—IPDS धोकरधारा,



औराही और हरराही—में भी विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। साथ ही, सभी 33 KV लाइनों में पेड़ छटाई और पिन इंसुलेटर बदलने का कार्य भी किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में विद्युत आपूर्ति में कटौती और तकनीकी खराबियों से बचा जा सके।

इसके अतिरिक्त, पूर्णिया ग्रिड से निकलने वाली 33 KV गोवासी फीडर दिनांक 23.09.2025 को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक बंद रहेगी। यह बंदी नए 33 KV एयरफोर्स डेडीकेटेड लाइन निर्माण के कारण की जाएगी। इसके चलते पूर्णिया एयरपोर्ट और उसके आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

**विभागीय सुझाव** विद्युत विभाग ने आम जनता से अनुरोध किया है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं। इलेक्ट्रिक उपकरणों को बंद रखें और आपातकालीन स्थिति में विद्युत विभाग से संपर्क करें। विभाग ने असुविधा के लिए अग्रिम क्षमा मांगी है, लेकिन यह कार्य लंबे समय में बिजली आपूर्ति की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।

# स्वास्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान पर स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित की कार्यशाला

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्णिया अपर समाहर्ता राज कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया, जीएमसीएच के प्रधानाचार्य डॉ. हरी शंकर मिश्र, अधीक्षक डॉ. संजय कुमार और राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के नोडल पदाधिकारी मो. मसूद आलम ने किया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि और एएनएम स्कूल की छात्राएं उपस्थित रही।

**स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की जानकारी** : कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी साझा की। डीपीसी डॉ. सुधांशु शेखर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपस्थित लोगों को अभियान की रूपरेखा और लाभों के बारे में बताया।




जागरूकता रैली का आयोजन स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए के.नगर प्रखंड में स्वास्थ्य अधिकारी, बीएचएम, बीसीएम और सीएचओ के नेतृत्व में रैली आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीण समुदाय को अभियान और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई।

**अभियान की अवधि और स्वास्थ्य सेवाएं** : डीपीसी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अभियान जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित रहेगा। इस दौरान महिलाओं को गर्भावस्था जांच (एएनसी), हेमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन और भ्रूण विकास की जांच जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सहायता और परामर्श भी दिया जाएगा। इसके अलावा, गैर-संचारी रोग, एनीमिया, टीबी और सिकल सेल की जांच के साथ मातृ एवं शिशु सुरक्षा कार्ड भी प्रदान किए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री के संदेश का लाइव टेलीकास्ट** : कार्यक्रम की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के उद्घाटन समारोह का लाइव टेलीकास्ट से हुई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

# 33वें राष्ट्रीय हिन्दी साधक समारोह में साहित्यकारों को मिला सम्मान

**न्यूज स्केल धमदाहा**

राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हिन्दी साहित्य संगठन तरूणोदय सांस्कृतिक विकास परिषद, खगहा-मीरगंज (पूर्णियाँ) के तत्वावधान में 33वाँ राष्ट्रीय हिन्दी साधक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन डॉ. अशोक गुलशन (बहराइच, उत्तर प्रदेश) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा वैद्यनाथ झा, डॉ. सियाराम मयंक (मधेपुरा) और विशिष्ट अतिथि नकुल शर्मा उग्र (अमेठी, उत्तर प्रदेश) एवं गोपाल चंद्र घोष मंगलम रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेम चंद्र पांडेय (भागलपुर) ने किया। उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन



से हुआ, जबकि स्वागत गान देवेश चौधरी एवं स्वागत भाषण परिषद के संस्थापक कैलाश बिहारी चौधरी ने प्रस्तुत किया।

**पुस्तक विमोचन और सम्मान सत्रः** : लोकार्पण सत्र में बाबा वैद्यनाथ झा की तीन पुस्तकें "सीख लें छन्द-सर्जना", "मुक्तक लुभा रहा" और "अलग अंदाज़ है मेरा" तथा कैलाश बिहारी चौधरी की काव्य स्वर का विमोचन किया गया। सम्मान सत्र में डॉ. ममता तिवारी (छत्तीसगढ़) को महादेवी वर्मा काव्य श्री सम्मान, महेंद्र निशाकर (भागलपुर) को संगठन गौरव साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। इसी सत्र में प्रिया सिन्हा (पूर्णिया) को तरूण साहित्य सम्मान तथा डॉ. अशोक गुलशन (बहराइच), नकुल शर्मा उग्र (अमेठी) और नव्या शर्मा (उत्तर प्रदेश) को राष्ट्रीय साधक सम्मान से नवाजा गया।

**कवि सम्मेलन और विचार सत्रः**

विचार सत्र में हिन्दी के प्रति दायित्व एवं मानसिक संकल्प पर चर्चा हुई। कवि सम्मेलन बाबा वैद्यनाथ झा द्वारा सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुआ। इस सत्र में महेंद्र निशाकर, श्रवण अमनेशवर, प्रेम हमदर्द, नूरी शमी, डॉ. सियाराम मयंक, गोपाल चंद्र घोष, नकुल शर्मा उग्र, दिलिप समदर्शी, कैलाश बिहारी चौधरी, बाबा वैद्यनाथ, कवि राम रण योद्धा, संजू सुर्यम आदि ने अपनी काव्य प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक कैलाश बिहारी चौधरी ने समारोह की सफलता के प्रति उपस्थित साहित्यकारों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सड़क दुर्घटना में जुगाड़ गाड़ी पलटने से चालक की मौत, परिजनों में मातम

**न्यूज स्केल बनमनखी**

सोमवार तीन बजे के करीब नगर परिषद से राधानगर रोड स्थित गैस गोदाम के पास सड़क दुर्घटना में जुगाड़ गाड़ी पलटने से 47 वर्षीय उपेन्द्र दास की मौत हो गई।उपेन्द्र दास, पिता तारणि दास, धरहरा वार्ड नं 3 थाना बनमनखी के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उपस्थित लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। इस दौरान विधायक कृष्ण कुमार ऋषि भी घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों को



सांत्वना दी। राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज ने बताया कि मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत ब्लॉक की तरफ से 20 हजार रुपए का चेक दिया गया। हादसे की वजह साफ नहीं हो पाई है, कुछ लोगों का कहना है कि जुगाड़ गाड़ी में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, तो कुछ का कहना है कि गाड़ी बालू के ढेर पर पलटी और चालक गाड़ी के नीचे दब गया। मृतक की पत्नी और चार बच्चों सहित परिवार में मातम का माहौल है। उपेन्द्र दास अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला सदस्य थे और दिनभर जुगाड़ गाड़ी चला कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए पूर्णियां भेज दिया गया है और मृतक के परिवार को सभी पारिवारिक लाभ दिए जाएंगे

## अनगढ़ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**न्यूज स्केल बैसा(पूर्णियां)**

अनगढ़ थाना में सोमवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थानाध्यक्ष विकास कुमार, सी ओ - गोपाल कुमार , रौटा थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष - सिकन्दर आलम उर्फ दारा, सरपंच प्रतिनिधि मो बिलाल, सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, समाज के सम्मानित नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने भी हिस्सा लिया



।बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष - विकास कुमार ने की, पूजा स्थलों की सुरक्षा, आगंतुकों की संख्या भीड़ नियंत्रण और सामुदायिक सहयोग पर चर्चा की। पूजा के दौरान शांति और सौहार्द को लेकर सभी पूजा समितिको शांति व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित दिशा निर्देश दिए।बैठक में थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा समितियों का लाइसेंस जरूरी है वोलेन्टियर रखने के निर्देश के साथ पूजा पंडाल परिसर एवं आस पास विधि व्यवस्था पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था करने का दिशा निर्देश दिया गया। डीजे पर प्रतिबंध के साथ ही सभी दुर्गा पूजा आयोजन समिति से विसर्जन तक की जानकारी प्रशासन को देने की बात कही गई। किसी भी हाल में दुर्गा पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पूर्णिया : विद्या विहार परोरा में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की रंगमंचीय प्रस्तुति – "माई री मैं का से कहूँ" ने बाँधा समाँ

## विजयदान देथा की लोककथा "पहेली" पर आधारित नाटक ने दर्शकों को किया भावविभोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

विद्या विहार आवासीय विद्यालय, पूर्णिया के रविबंश नारायण मिश्र मेमोरियल ऑडिटोरियम में आज शाम रंगमंच प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण बना। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD), नई दिल्ली की प्रतिष्ठित रिपर्टरी कंपनी ने अपनी हीरक जयंती (रंग षष्ठी) श्रृंखला के अंतर्गत सुप्रसिद्ध लोककथाकार विजयदान देथा की कहानी "पहेली" पर आधारित नाटक "माई री मैं का से कहूँ" का मनमोहक मंचन किया। यह आयोजन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार और विद्या विहार आवासीय विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। नाटक का निर्देशन और संगीत सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अजय कुमार ने किया। सजीव अभिनय और भावप्रवण संवादों ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। नाटक ने समाज की मर्यादाओं और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के द्वंद्व को बेहद संवेदनशीलता से प्रस्तुत किया।

### पूर्णिया में रंगमंचीय जादू – "माई री मैं का से कहूँ" ने जीता दर्शकों का मन



पूर्णिया के विद्या विहार आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की प्रस्तुति "माई री मैं का से कहूँ" ने रंगप्रेमियों को अभिभूत कर दिया। निर्देशक अजय कुमार के नेतृत्व में कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय, भाव-भंगिमा और मंचीय कला कौशल से लोककथा "पहेली" को नए आयाम दिए। नारी मन की गहराइयों, समाज की मर्यादाओं और व्यक्तिगत आकांक्षाओं के द्वंद्व को दर्शाते संवादों ने दर्शकों के हृदय को छू लिया। मंच सज्जा, संगीत और प्रकाश संयोजन का अनोखा समागम ऐसा रहा कि दर्शक दीर्घा बार-बार तालियों से गूँज उठी।

**नाटक का संदेश :** नाटक का संदेश स्पष्ट था – समाज के नियम और परंपराएँ यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवेदना को बाँध दें तो पीड़ा अनिवार्य है। इसने दर्शकों को न केवल मनोरंजन दिया बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों ने इस अद्वितीय रंगमंचीय अनुभव को लंबे समय तक याद रखने की बात कही।

---

**अगला मंचन – "बाबूजी" :** रंगमंडल अपनी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए 22 सितम्बर 2025 को इसी मंच पर "बाबूजी" का मंचन करेगा। निर्देशक राजेश सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत यह नाटक समाज और पारिवारिक संबंधों की जटिलताओं को उजागर करने वाली एक विचारोत्तेजक प्रस्तुति होगी। यह आयोजन न केवल पूर्णिया के सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीय स्तर की रंगमंचीय परंपरा से जोड़ने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।









**रंगमंडली और विद्यालय प्रबंधन की प्रतिक्रियाएँ :**

---

1 राजेश सिंह (NSD टीम प्रमुख): "पूर्णिया जैसे सांस्कृतिक नगर में प्रस्तुति देना गर्व का विषय है। हम चाहते हैं कि रंगमंच की समृद्ध परंपरा युवाओं तक पहुँचे।"

---

2 राजेश चन्द्र मिश्र (सचिव, विद्या विहार समूह): "राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का आगमन हमारे लिए ऐतिहासिक क्षण है। यह आयोजन विद्यार्थियों के सांस्कृतिक और नैतिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।"

---

3 निखिल रंजन (प्राचार्य, विद्या विहार आवासीय विद्यालय): "राष्ट्रीय स्तर के रंगमंच से छात्रों का परिचय नई पीढ़ी में कला और संस्कृति के प्रति गहरी रुचि जगाएगा।"

कार्यक्रम की झलक

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया! इस अवसर पर स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक मथिलेश राय ने दिया। विशिष्ट अतिथियों में विद्यालय परिवार के निदेशक रंजीत पाल, प्राचार्य निखिल रंजन, सचिव राजेश चन्द्र मिश्र, ट्रस्टी ब्रजेश चन्द्र मिश्र, श्रीमती पल्लवी मिश्रा और श्रीमती कात्यायनी मिश्रा, प्राचार्य सवित्री सिंह (पूर्णिया कॉलेज), प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट संजय कुमार सरोज (जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड), सुप्रसिद्ध कलाकार विश्वजीत सिंह, रोहित कुमार शॉ, सुनील सुमन, और शहर के अन्य रंगप्रेमी शामिल रहे। इस भव्य आयोजन में विद्या विहार के कक्षा 8 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और कर्मचारी अपने परिवारों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बनमनखी में आस्था का महापर्व, शारदीय नवरात्रि पर निकली भव्य कलश यात्रा, बड़ी संख्या में श्रद्धालू हुए शामिल

### मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, शैलीपुत्री की पूजा से हुआ नवरात्र का आरंभ, हर तरह दिखा भक्ति भाव का नज़ारा





**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बनमनखी प्रखंड में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ भव्य रूप से हुआ। सुबह से ही मंदिरों में माता की आराधना और शक्ति साधना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। लोगों ने माता शैलीपुत्री की पूजा कर नवरात्रि के नौ दिनों के लिए अपने मन में शक्ति और भक्ति की भावना को जागृत किया। मंदिर परिसर में कलश स्थापना के बाद भक्तों ने विधिपूर्वक पूजा की और पूरे प्रखंड के लोग उत्साह के साथ इस महापर्व में शामिल हुए।

**1051 कुमारी कन्याओं के साथ गाजे-बाजे की भव्य कलश यात्रा**
पिपरा चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर से सुबह 7 बजे भव्य और विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस यात्रा में 1051 कुमारी कन्याएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरती हुई दिखाई दीं। कलश यात्रा लगभग 5 किलोमीटर लंबी रही, जिसमें पिपरा हटिया टोला, पिपरा गोठ और फुटानी चौक से होकर गुजरते हुए दोपहर 12 बजे मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। ग्रामीण उत्साहित होकर अपने घरों और रास्तों की सफाई कर यात्रा का स्वागत कर रहे थे।

**सुरक्षा और सुव्यवस्था, ग्रामीणों और आयोजकों का सहयोग**
कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने मार्ग पर पानी और शरबत की व्यवस्था की। बनमनखी पुलिस और निजी 100 स्वयंसेवक शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साथ-साथ रहे। मंदिर व्यवस्थापक सुमित कुमार ने बताया कि पिछले चार वर्षों से पिपरा में मां दुर्गा का भव्य रूप से पूजा-अर्चना होती है और यह सार्वजनिक आयोजन हर वर्ग के लोगों द्वारा मिलकर संपन्न होता है। प्रमुख आयोजकों में प्रमोद कुमार साह, मनमोहन भारती, अरुण कुमार साह, सुमित साह, संतोष साह और अन्य ने यात्रा को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस दौरान भक्तों की आस्था और उत्साह ने पूरे बनमनखी प्रखंड को नवरात्रि के महापर्व की भव्यता का अनुभव कराया।

# किदवंति : बैगना दुर्गा मंदिर में होती है श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण

**न्यूज़ स्केल हरदा**





शारदीय नवरात्र के शुभारंभ के साथ ही पूर्णिया जिले के नगर प्रखंड के सहरा पंचायत स्थित बैगना दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पौराणिक मंदिर में माता दुर्गा की पूजा से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है।

**होता हा मेला का आयोजन**
मंदिर के कार्यसमिति अध्यक्ष राजकिशोर भगत और कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि माता दुर्गा मंदिर की स्थापना सन 1901 ईस्वी में हुई थी। नवरात्र के दौरान आसपास 15 किलोमीटर के ग्रामीण यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं। विशेष रूप से महानवमी और दशहरे के अवसर पर यहां भव्य मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

**मेला की तैयारी जोरों पर**
कार्यकारी सचिव हरिश्चंद्र यादव, परमानंद झा, सच्चिदानंद तिवारी, ललन भगत, बबलू मंडल, राजेंद्र मंडल और महेंद्र ततमा ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेटिंग और अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

**नवरात्र के पहले दिन मन्त्रोंउच्चरण से गूंज उठा वातावरणः** शारदीय नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने घट स्थापना और माता दुर्गा की आराधना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

- » बैगना दुर्गा मंदिर की स्थापनाः 1901 ई.
- » नवरात्र के दौरान आसपास के 15 किमी के ग्रामीणों का भारी आगमन।
- » महानवमी और दशहरे पर भव्य मेला आयोजित
- » श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैरिकेटिंग और व्यवस्थाएं।
- » सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी।

# धमदाहा दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्रि पूजा का भव्य उद्घाटन



**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार और मुख्य पाषर्द रानी देवी ने सोमवार कों सार्वजनिक दुर्गा मंदिर धमदाहा नेहरू चौक में शारदीय नवरात्रि पूजा का उद्घाटन फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि यह पूजा 10 दिनों तक चलती है और श्रद्धालुओं के लिए यह आध्यात्मिक उत्सव का समय है। इस अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनीष मेहता, सचिव शंभू शर्मा और संयोजक सुख देव ओझा ने पूजा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि सप्तमी माँ का पट खुलने के उपरांत पूज भव्य आयोजन किया जाएगा। दशमी को रावण वध संध्या का आयोजन शाम 6:00 बजे होगा जिसमे बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह भी शामिल होंगी!

पूजा समिति की ओर से बताया गया कि विधि व्यवस्था और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और भव्य माहौल में नवरात्रि की पूजा-अर्चना कर सकें।

# जलजीवीका एक्वा स्कूल तक सड़क न होने से ग्रामीण और प्रशिक्षणार्थी परेशान, वर्षात में बिगड़ जाती हा सड़क की सूरत



**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

धमदाहा, उत्तर टोलाः कोसी बेसिन परियोजना के तहत संचालित जलजीवीका एक्वा स्कूल स्थानीय किसानों और युवाओं की आजीविका बदलने का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। इस स्कूल के माध्यम से अब तक लगभग 33 हजार किसान लाभान्वित हो चुके हैं और 15 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का गठन हुआ है। महिलाएं और युवा यहां जलीय कृषि और समेकित खेती की आधुनिक तकनीकें सीख रहे हैं। स्कूल तक पहुँचने वाला रास्ता वर्तमान में बहुत ही दुर्गम है। यह सड़क बरसात में कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे प्रशिक्षण लेने आने वाले लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है।

**ग्रामीणों की मांग :** उत्तर टोला और कुर्मी टोला के ग्रामीण—जगदीश ठाकुर, अंबिका महतो, महिस्त्री पंडित और रामचंद्र मंडल ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग की गयी है, लेकिन सड़क निर्माण में बिलम्ब के वजह से लोगों की परेशानी बढ़ी है! उनका कहना हा कि सरकार कृषि और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं चला रही है, तो प्रशिक्षण केंद्र तक पक्की सड़क का इंतज़ाम सुलभ अवगमन के लिये आवश्यक है।

**बरसात में बढ़ता है खतरा**
स्थानीय निवासी राजेंद्र महतो ने बताया कि सड़क इतनी जर्जर है कि बरसात के दिनों में लोग फिसलकर चोटिल हो जाते हैं। कई महिलाएं और युवक प्रशिक्षण केंद्र तक पहुँचने के दौरान चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, "एक्वा स्कूल तक आने-जाने में हर वक्त जोखिम बना रहता है। पक्की सड़क न होने से हम विकास के अवसरों से पिछड़ रहे हैं।"

**प्रशासन से गुहार :** ग्रामीणों और प्रशिक्षणार्थियों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से तुरंत पहल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सड़क निर्माण का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ तो परियोजना का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।

# पूर्णिया के भोकराहा में छेड़खानी के आरोप में दो लड़कों को सजा, वायरल हुआ वीडियो

**न्यूज़ स्केल केनगर**



पूर्णिया के केनगर थाना क्षेत्र के भोकराहा गांव में नाबालिग युवती से छेड़खानी के आरोप में दो लड़कों को सार्वजनिक रूप से सजा दी गई। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा आरोपियों का सर मुंडवाया, उन्हें जूते-चप्पल की माला पहनाई गई और चेहरे पर कालिख लगाकर पूरे गांव में घुमाया गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

घटना में शामिल लड़कों में से एक, 18 वर्ष, का युवक जो आदमपुर गांव के वार्ड 7 का निवासी है, जबकि दूसरा लड़का भोकराहा गांव के वार्ड 4 का रहने वाला है। पीड़ित परिवार का दावा है कि आरोप झूठे हैं और पुरानी दुश्मनी के कारण यह कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर, आरोपी परिवार का कहना है कि लड़कों ने नाबालिग के साथ छेड़खानी की थी।

केनगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने तक किसी भी पक्ष को प्राथमिक न्याय नहीं दिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन ने मामले की विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए दोनों पक्षों से बयान लिए हैं और जाँच शुरू कर दी है, पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# भागलपुर में मुख्यमंत्री यात्रा की तैयारियों का व्यापक निरीक्षण

**न्यूज स्केल भागलपुर**

» अधिकारियों ने मंच, सुरक्षा, यातायात और आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की।

» सभी विभागों को समन्वय और समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।





उप विकास आयुक्त भागलपुर प्रदीप कुमार सिंह एवं सिटी एसपी भागलपुर शुभांक मिश्रा ने सन्हौला का दौरा कर आगामी माननीय मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा एवं कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम स्थल एवं मंच निर्माण की समीक्षा** : निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल और मंच निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मंच और कार्यक्रम स्थल समय पर तैयार हों और सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित हों।

**अधिकारियों के साथ बैठक और प्रगति समीक्षा** : निरीक्षण के पश्चात उप विकास आयुक्त एवं सिटी एसपी ने स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रशासनिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि जनसंपर्क की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि तय समय सीमा के भीतर सभी तैयारियाँ पूर्ण की जाएँ और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**सफल और व्यवस्थित** आयोजन की सुनिश्चितता दोनों वरीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री की यात्रा को सुरक्षित, सफल और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों से दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया।

**सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण** : सिटी एसपी ने सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की और पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यातायात नियंत्रण, पार्किंग और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

**सुविधाओं का व्यवस्थित प्रबंध** : उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था समय पर पूरी की जाए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के लिए कहा गया।

## भागलपुर में मुख्यमंत्री द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की योजनाओं का उद्घाटन

**न्यूज स्केल भागलपुर**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग और कम्फेड की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर चार प्रमुख संस्थानों का शिलान्यास किया गया। इसमें 10 करोड़ 9 लाख 35 हजार रुपए की लागत से जिला स्तरीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र, गव्य विकास कैम्पस, तिलकामांझी भागलपुर, 01 करोड़ 7 लाख 69 हजार रुपए की लागत से प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, महेशपुर और 01 करोड़ 7 लाख 69 हजार रुपए की लागत से प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, नारायणपुर शामिल हैं। साथ ही, 5 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से कंफेड भागलपुर में 10 एम.टी. क्षमता वाला दही संयंत्र भी बनेगा। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी श्रीमती अंजलि कुमारी सिन्हा, कंफेड प्रबंधक, सहायक कुकुट पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी और विभिन्न योजनाओं के लाभुक उपस्थित थे। इन योजनाओं से क्षेत्र में पशुपालन, मत्स्य संसाधन और प्रशिक्षण के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने वार्डों में घर-घर जाकर गारंटियों का गुलदस्ता और योजनाओं की जानकारी दी



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया में कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न टोले-मुहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 32 और 33 में सोमवार को उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं व महागठबंधन की नीतियों की जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने नवाब टोला, बगान टोला, मियां बाजार, चिमनी बाजार, कनवा बाजार और हुसैन चौक सहित कई क्षेत्रों में जन संवाद किया, मौक़े पर लोगों ने उनका स्वागत फूल मालाओं से किया।

**महागठबंधन की सरकार पर जोर, विकास और अधिकारों की गारंटी पर संवाद**

जनसंपर्क के दौरान जितेंद्र यादव ने संवाद के क्रम में ग्रामीणों और शहरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर क्षेत्र के विकास और जनता के अधिकारों की पूरी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की योजनाओं के तहत रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक न्याय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**स्थानीय समस्याओं को तुरंत समाधान का आश्वासन**

नगर निगम वार्ड नंबर 24 के क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों ने सड़कों और नालों की समस्या जताई। जितेंद्र यादव ने इसे गंभीरता से लेते हुए महापौर विभा कुमारी को अवगत कराया। महापौर ने जल्द ही सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वार्डों में पार्षद और स्थानीय गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**सामाजिक जुड़ाव और जनता की उम्मीदों का सम्मान** : कांग्रेस नेता ने जनता से कहा कि वह कोई बड़ा नेता नहीं बल्कि क्षेत्र का ही बेटा और भाई हैं। उन्होंने लोगों के दुख-दर्द और उम्मीदों को अपनी प्राथमिकता बताया। जनसंपर्क अभियान में उन्होंने ग्रामीणों के साथ विकास और कल्याणपरक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और जनता को महागठबंधन सरकार बनने पर मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभों से अवगत कराया।

**कांग्रेस की पांच प्रमुख योजनाओं का गुलदस्ता**

जितेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस की गारंटी में हर परिवार को रोजगार का सहारा मिलेगा। गरीब परिवारों को दो लाख तक मदद दी जाएगी और हर विधानसभा में पांच करोड़ का स्टार्टअप फंड उपलब्ध कराया जाएगा। हर परिवार को 25 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, 8वीं से 12वीं तक हर बच्चे को मुफ्त टैबलेट और लैपटॉप दिया जाएगा। हर जिले में अंग्रेजी मीडियम मॉडल स्कूल खोले जाएंगे और भर्ती में पेपर लीक नहीं होगा। एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी को पूरा हक मिलेगा, पंचायत और निकाय चुनावों में ईबीसी के लिए 65 प्रतिशत तक आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने किया पूर्णिया मे आधारभूत संरचना एवं मत्स्य विपणन योजना का किया वर्चुवल शिलान्यास और उद्घाटन



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार कों खुशकीबाग नगर निगम (प्रखंड स्तरीय) मत्स्य बाजार की आधारभूत संरचना का शिलान्यास और धमदाहा हाट (पंचायत स्तरीय) मत्स्य बाजार की निर्मित आधारभूत संरचना का उद्घाटन BSWAN के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किया।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ**

जिला स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार, भा०प्र०से० की उपस्थिति में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को डम्मी चेक और मत्स्य विपणन किट भी वितरित किए गए।

**लाभुकों को वितरित राशि और किट**

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनाः
श्रीमति मोनल प्रिया, अंचल-पूर्णिया पूर्वः ₹4.5 लाख
श्रीमति बेबी देवी, अंचल-बनमनखीः ₹4.5 लाख
राज्य योजना – मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजनाः
श्री राजीव रंजन, बनमनखीः ₹3,99,854
श्री कुमोद कुमार, बनमनखीः ₹6,02,676
श्री संतोष पासवान, श्रीनगरः ₹2,34,697
श्री चमरू उरॉव, बड़हारा कोठीः ₹1,59,942

**मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना**:
श्रीमति सनोली हेम्ब्रम, अंचल-श्रीनगरः ₹1,77,100

**मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन किट योजना**:
10 लाभुकों को मत्स्य विपणन किट वितरित की गईः
सुरेश महलदार, श्रीनगर
श्रीमति पुनम देवी, श्रीनगर
श्रीमति कुनिया देवी, श्रीनगर
श्रीमति गुड़िया कुमारी, श्रीनगर
श्रीमति सुलेखा देवी, श्रीनगर
श्रीमति जया कुमारी, श्रीनगर
ललन कुमार सहनी, श्रीनगर
राजा कुमार, श्रीनगर
गणेश महलदार, श्रीनगर
मुन्ना कुमार, श्रीनगर

आयोजन समिति
कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मृत्युंजय सिंह एवं अन्य सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया।
यह पहल जिले के मत्स्य व्यवसायियों और मछुआरों को वित्तीय सहायता और आधारभूत संरचना उपलब्ध कराकर उनकी आय और जीवन स्तर सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ऑटो किराया के विवाद में चालक ने यात्री को मारी चाकू, मौत

**अररिया,** (हि.स.)।



जोकीहाट थाना क्षेत्र में ऑटो किराया विवाद में सोमवार को एक यात्री की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक मरगुफ और यात्री सुभान के बीच पिछले कुछ दिनों से मोबाइल और किराया को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार को झगड़े के दौरान सुभान घायल हो गया। मृतक को घायल अवस्था में चालक ने सदर अस्पताल पहुँचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुभान के भाई सिकंदर ने बताया कि मोबाइल के बदले पैसे वापस लेने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपित मरगुफ ने कहा कि झगड़े के दौरान सुभान शराब की बोतल से घायल हुआ और चाकू से हमला करने की बात से इंकार किया।
जोकीहाट थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है और दोनों पक्षों का आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

## कटिहार में EVM संग्रहण केंद्र और मतगणना कक्ष का जिला स्तर पर निरीक्षण



**न्यूज स्केल कटिहार**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर कटिहार जिले में तैयारियों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने E.V.M संग्रहण केंद्र, मतगणना कक्ष और स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, मशीनों का सुरक्षित भंडारण और मतगणना केंद्र में तकनीकी व्यवस्था की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा बलों की तैनाती और ड्यूटी रोस्टर की भी जांच की। EVM संग्रहण केंद्र पर मशीनों की गिनती और उनके सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि मतदान और मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित हो। अधिकारियों ने सभी तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव दिए और निर्वाचन की पूर्ण सुरक्षा के लिए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया।

# किशनगंज में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की योजनाओं का उद्घाटन

**न्यूज स्केल किसनगंज**




माननीय मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इसी कड़ी में किशनगंज जिले में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की अनेक योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया गया।
कार्यक्रम में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मत्स्य एवं पशु पालन से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। उद्घाटन के दौरान योजनाओं के माध्यम से किसानों को उच्च गुणवत्ता के पशु चारा, मत्स्य बीज, तथा प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करने पर जोर दिया गया।
जिला प्रशासन ने कहा कि ये योजनाएं स्थानीय किसानों और मत्स्यपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार सृजन और क्षेत्रीय विकास में भी सहायक होंगी। कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों और लाभार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे राज्य सरकार की योजनाओं को grassroots स्तर पर पहुंचाने का प्रयास स्पष्ट हुआ।
कुल मिलाकर, किशनगंज जिले में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ये विकासात्मक पहलें जिले के कृषि और मत्स्य क्षेत्र को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

## समग्र शहरी विकास योजना का शिलान्यास



माननीय मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत राज्यभर में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुआ। इसी क्रम में किशनगंज जिले में जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज की गरिमामयी उपस्थिति में समाहरणालय परिसर से योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर नगर विकास, स्वच्छता, पानी-पूर्ति और आधारभूत संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस योजना के तहत शहरों में नागरिक सुविधाओं में सुधार, सड़क निर्माण, पानी आपूर्ति और स्वच्छता के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। जिला पदाधिकारी श्री विशाल राज ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास और जीवन स्तर में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस योजना के लाभ और उद्देश्यों पर चर्चा की। यह शिलान्यास किशनगंज जिले के विकास को नई दिशा देने और स्थानीय नागरिकों के जीवन में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया जिला के 24 योजनाओं शिलान्यास , 19. 91 करोड़ की लागत से होगा निर्माण कार्य

**न्यूज स्केल सुपौल**

**01: सुपौल जिले में 24 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास 19.91 करोड़ रुपये की लागत से त्रिवेणीगंज विधायक वीणा भारती द्वारा किया गया।**

**02: कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

**03 : योजनाओं में सड़क, जल आपूर्ति, नालों और शहरी आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया गया।**




**सुपौल में सामूहिक शिलान्यास** सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज में कुल 24 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया गया, जिनकी कुल लागत 19.91 करोड़ रुपये है। यह कार्यक्रम त्रिवेणीगंज की विधायक श्रीमती वीणा भारती द्वारा विधिवत किया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएँ प्रदान करना और नगर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है।

बिहार के माननीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना (CM Comprehensive Urban Development Scheme) के तहत राज्यभर में 768 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से 1300 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस बड़े कार्यक्रम के अंतर्गत सुपौल जिले में भी विकास की कई नई पहलों की शुरुआत हुई।



**उपस्थित अधिकारी और पदाधिकारी** : इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष, सुपौल, श्री राघवेन्द्र झा, त्रिवेणीगंज नगर परिषद की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, सुपौल, सुश्री सारा अशरफ, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, सुपौल, श्रीमती श्रीति कुमारी, कार्यपालक अभियंता वुडको सहित अन्य उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने योजनाओं की महत्वता और उनके स्थानीय विकास में योगदान पर प्रकाश डाला। **विकास की दिशा में एक और कदम** : शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इन 24 योजनाओं में सड़क, जल आपूर्ति, नालों का निर्माण एवं नवीनीकरण, सार्वजनिक सुविधाओं का विकास और अन्य शहरी आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएँ शामिल हैं। यह योजनाएँ न केवल नगरवासियों की जीवनशैली में सुधार लाएंगी बल्कि त्रिवेणीगंज को अधिक विकसित और व्यवस्थित नगर बनाने में भी मदद करेंगी। **स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया** स्थानीय नागरिकों ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत यह विकास कार्य आने वाले वर्षों में जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधायक श्रीमती वीणा भारती ने भी जनता से संवाद करते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है और भविष्य में और योजनाएँ भी इस क्षेत्र में लागू की जाएंगी। यह कार्यक्रम त्रिवेणीगंज और सुपौल जिले के शहरी विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण



आज दिनांक 22.09.2025 को "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य कैंप का निरीक्षण विभिन्न केंद्रों में किया गया। आयुष्मान हेल्थ वेलनेस सेंटर चौहट्टा, आंदोली किशनपुर, राधानगर, राघोपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायगढ़ का निरीक्षण जिला योजना समन्वयक सह जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री बाल कृष्ण चौधरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की संख्या और चिकित्सकीय सुविधाओं का जायजा लिया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना है।

## गांधी जी का था सपना स्वच्छ और सुन्दर समाज हो अपना, ये मुहीम चला रहे है शिक्षक : डा. रणधीर राणा

**न्यूज स्केल सुपौल**

**01: सामुदायिक कार्यक्रम, रैली और सोशल मीडिया के माध्यम से समाज को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।**

**02 : स्कूल स्तर पर शिक्षा, प्रतियोगिता और पाठ्यक्रम में स्वच्छता शामिल कर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है।**





**समाज में जागरूकता फैलाने के उपाय :** डॉ. राणा ने समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व को लेकर कई पहल की हैं। सामुदायिक कार्यक्रमों और जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया, पोस्टर और बैनर के जरिए भी लोगों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है।

**स्कूली छात्रों में स्वच्छता जागरूकता :** स्कूल स्तर पर डॉ. राणा ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसमें स्वच्छता शिक्षा, स्वच्छता प्रतियोगिताएं और पाठ्यक्रम में स्वच्छता को शामिल करना शामिल है। छात्रों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है।

शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले डॉ. रणधीर कुमार राणा समाज और छात्रों में जागरूकता लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका उद्देश्य महात्मा गांधी जी के स्वच्छ और जागरूक समाज के सपने को साकार करना है। **सांस्कृतिक माध्यम और नेतृत्व की भूमिका** : नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भी छात्रों और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इसके साथ ही, समुदाय के नेताओं को भी लोगों को प्रेरित करने के लिए सक्रिय किया जा रहा है। डॉ. रणधीर कुमार राणा के इन प्रयासों से समाज और छात्रों में स्वच्छता के महत्व को समझने और उसे अपनाने की भावना जागृत हो रही है। सभी से अनुरोध है कि वे इस मुहिम में शामिल होकर महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करें।

## सिमराही के धीरेन्द्र कुमार बने क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के सुपौल जिला टॉपर

**न्यूज स्केल सुपौल**

**01:उत्तर बिहार प्रांत के टॉप 25 में सुपौल से 6 प्रतिभागियों ने स्थान प्राप्त किया।**

**02 : जिले में 1000 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य प्रांत मंत्री अमित ठाकुर के मार्गदर्शन में पूरा हुआ।**

**03 : आगामी 2026 परीक्षा में अधिक युवाओं की सहभागिता के लिए व्यापक संपर्क अभियान चलाया जाएगा।**

**सुपौल जिले का प्रदर्शन और टॉप प्रतिभागी** : उत्तर बिहार प्रांत के टॉप 25 में सुपौल जिले से 6 प्रतिभागियों ने स्थान बनाया। मनोहर रेसिडेंशियल स्कूल सिमराही के धीरेन्द्र कुमार ने 47 अंक प्राप्त कर जिले का टॉपर घोषित किया। इसके अलावा, प्रतीक शांडिल्य, आशीष कुमार, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी और शिवम कुमार ने क्रमशः दूसरे से छठे स्थान पर स्थान पाया। उत्तर बिहार के टॉपर धीरज कुमार दास (बेतिया) ने 50 में 48 अंक हासिल किए, जबकि अखिल भारतीय स्तर पर मध्यप्रदेश के आर्यन गौर ने 50 में 50 अंक प्राप्त कर टॉपर बने।

सुपौल में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित ऑनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के परिणाम बुधवार को महामंत्री राज चौधरी ने अखिल भारतीय अध्यक्ष ओलंपियन गोपाल सैनी, कार्याध्यक्ष चैतन्य कश्यप एवं संगठन मंत्री श्री प्रसाद महानकरजी की उपस्थिति में ऑनलाइन जारी किए। यह परीक्षा 14 सितंबर, 2025 को सम्पन्न हुई थी, जिसमें भारत के 626 जिलों से 2,28,998 युवक-युवतियों ने भाग लिया। प्रांत अध्यक्ष चन्द्रशेखर आधिकारी ने बताया कि क्रीड़ा भारती 1992 से भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए कार्यरत है। **जिले में व्यापक संपर्क अभियान** सुपौल जिला अध्यक्ष राजेश मोहनका ने बताया कि प्रांत मंत्री अमित ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने 1000 रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य पूरा करने के लिए व्यापक प्रयास किए। जिले के विभिन्न प्रखंडों और शिक्षण संस्थानों में प्रचार-प्रसार सामग्री, बैनर और हैंडबिल के माध्यम से संपर्क अभियान चलाया गया। प्रमुख योगदान देने वालों में प्रांत क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख रामवतार मेहता, सह प्रमुख मुकुल दास, जिला अध्यक्ष राजेश कुमार मोहनका, विभाग संयोजक प्रदीप मेहता सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। **शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता और भविष्य की योजनाएँ** : जिले के विभिन्न स्कूलों और क्रीड़ा केंद्रों ने परीक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला मंत्री डॉ संजय सिंह ने प्रतिभागियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रशासकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जिले के टॉप 10 प्रतिभागियों और 50 से अधिक रजिस्ट्रेशन करने वाले शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। आगामी वर्ष 2026 में परीक्षा में और अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संपर्क अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा।

## युवा कांग्रेस ने एसडीओ को राइस मिल के विरुद्ध सौंपा आवेदन, जांच की मांग की

**न्यूज स्केल सुपौल**



युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) इंद्रवीर कुमार से मिले और जय मां भवानी राइस मिल के खिलाफ आवेदन सौंपा।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि जय मां भवानी राइस मिल द्वारा सरकारी चावल की खरीद कर उसे पुणे गोदाम भेजा जाता है। खराब गुणवत्ता वाले चावल जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों तक पहुंचते हैं, जिन्हें लाभुक खाने योग्य न मानकर बेच देते हैं। बाद में यही चावल पुनः मिल तक पहुंचकर फिर से पीडीएस दुकानों में आ जाता है। यह प्रक्रिया बड़े पैमाने पर घोटाले की ओर संकेत करती है। झा ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई तो युवा कांग्रेस लाभुकों के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी।

## कलश स्थापना के साथ हीं नवरात्र प्रारंभ, भक्ति भाव का बना वातावरण

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**





प्रतापगंज प्रखंड के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में सोमवार को विधि-विधान और पूजा अर्चना के साथ नवरात्र महापर्व की शुरुआत हो गई। इस वर्ष दो दशक बाद नवरात्र की दस पूजा होने जा रही हैं। सुबह ग्यारह बजे से पंडित प्रमोद झा के मंत्रोच्चार के बीच शैलपुत्री की पूजा अर्चना और कलश स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ। **नवरात्र का आध्यात्मिक महत्व** पंडित प्रमोद झा ने बताया कि इस व्रत का पालन करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में शुभता आती है। शैलपुत्री की पूजा करने से भक्तों को स्थिरता और शक्ति मिलती है। नवरात्रा महापर्व आत्म-चिंतन, शुद्धिकरण और भक्ति का प्रतीक है। कलश स्थापना के साथ ही भक्त नौ दिन तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना कर सकते हैं। **भक्तिभाव में डूबा प्रखंड क्षेत्र** पहली पूजा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में भक्तिभाव का वातावरण नजर आया। सुबह से हीं मंदिरों में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा अर्चना में लीन हो गए। लोग मां दुर्गा की कृपा पाने और अपने जीवन में सुख-शांति लाने की कामना करते हुए भक्तिभाव से पूजा में शामिल हुए। इस वर्ष की दस पूजा होने के कारण पूरे प्रखंड क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।



**कलश स्थापना और पहले दिन की पूजा** : बाजार स्थित दुर्गा पूजा मेला कमेटी के उपाध्यक्ष ई. मोती लाल ने बताया कि इस वर्ष मूर्तिदाता एचपी गैस एजेंसी के मालिक ध्रुव प्रसाद भगत एवं उनके पुत्र अमित कुमार और सुमित कुमार ने संकल्प लिया है। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना का महत्व बताया गया। पंडित प्रमोद झा ने कहा कि शैलपुत्री मां दुर्गा का प्रथम रूप हैं और इस दिन कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक चलने वाले महाव्रत की शुरुआत होती है।

## सुपौल इंजीनियरिंग कॉलेज में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के लिए आंतरिक हैकाथॉन का आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**



सुपौल इंजीनियरिंग कॉलेज (एससीई) ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 के लिए 24 घंटे लंबा आंतरिक हैकाथॉन आयोजित किया, जो 21 सितंबर को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम संस्थान की नवाचार परिषद (आईआईसी) के तत्वावधान में, अनुसंधान एवं परामर्श प्रकोष्ठ और आईईईई छात्र शाखा, एससीई सुपौल के सहयोग से संपन्न हुआ। **प्रतिभागियों और उनके प्रयास** इस हैकाथॉन में 100 से अधिक छात्रों ने विभिन्न शाखाओं से भाग लिया। प्रत्येक टीम ने एसआईएच 2025 के समस्या कथनों के अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने प्रतिभागियों को नवाचार को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान के लिए अपनाने और भविष्य के इंजीनियर बनने की प्रेरणा दी। **प्रतियोगिता और मूल्यांकन प्रक्रिया** कार्यक्रम की शुरुआत टीमों के पंजीकरण और उद्घाटन समारोह से हुई। पहले दौर का मूल्यांकन पीपीटी प्रस्तुतियों के माध्यम से हुआ। प्रतिभागियों ने देर रात तक विचार-मंथन, सहयोगात्मक सुधार और प्रोटोटाइप पर काम किया।

**राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व :** आंतरिक हैकाथॉन के माध्यम से चयनित टीमें एसआईएच 2025 की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। यह मंच छात्रों को तकनीकी विशेषज्ञता और रचनात्मकता दिखाने का अवसर देगा। आयोजन ने टीम वर्क, समस्या-समाधान कौशल, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा दिया, तथा एससीई सुपौल के छात्रों को सामाजिक और औद्योगिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए तैयार किया।

**आयोजन और समन्वय :** हैकाथॉन के आयोजन का संरक्षण प्राचार्य डॉ. अच्युता नंद मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. चन्दन कुमार, डीन एकेडेमिक्स एवं सहायक प्रोफेसर (ईसीई) ने किया। आयोजन समिति में विभिन्न विभागों के अनुभवी सहायक प्रोफेसर्स शामिल थे, जबकि निर्णायक मंडल में गोपाल कृष्ण (सीएसई), कमल राज प्रवीण (सीएसई) और सौरभ कुमार निराला (सीई) जैसे विशेषज्ञ शामिल थे।

मूल्यांकन मानदंडों में विचार की नवीनता, तकनीकी व्यवहार्यता, स्थिरता, प्रभाव और भविष्य विकास की संभावना शामिल थे।

## राष्ट्रीय पोषण माह की सफलता को लेकर बैठक

**न्यूज स्केल राघोपुर**

राष्ट्रीय पोषण माह पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कार्यालय में एक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ओमप्रकाश, सीडीपीओ लक्ष्मी कुमारी, बीएचएम मो.नोमान सहित राघोपुर बाल विकास परियोजना में पदस्थापित महिला पर्यवेक्षिका मौजूद थी। इस मौके पर पोषण माह 2025 का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और समुदाय के अन्य सदस्यों के पोषण और स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा किया गया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य थीम प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, स्थानीय वस्तुओं हेतु जन जागरण क्षेत्र स्तर पर सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता, शिशु एवं बाल आहार, मोटापा पर नियंत्रण, पुरुष सहभागिता, एकीकृत प्रयास और डिजिटलीकरण पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। जानकारी देते बीडीओ ओमप्रकाश ने कहा की यह अभियान 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमे हर सप्ताह के हर दिन विभिन्न तरह के गतिविधि आयोजित किया जाना है। जिसके तहत प्रभात फेरी, पोशाक पूरक आहार हेतु व्यंजन प्रतियोगिता करते हुए गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओ को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर परामर्श हेतु सत्र का आयोजन। आंगनवाड़ी केंद्रों और समुदाय स्तर पर बच्चों और किशोरों का बीएमआई जाँच ताकि मोटापा और अन्य समस्याओं की पहचान हो सके, चीनी और तेल में कम उपयोग पर सामुदायिक जागरूकता सत्र का आयोजन साथ ही जंक फ़ूड आदि के नुक़सान पर जागरूकता गतिविधि आयोजित करना, विशेष शिविर के माध्यम से आधार आइडी एवं आभा आइडी का निर्माण संबंधी सहित अन्य गतिविधियां शामिल है।

# जिलाधिकारी ने बज्रगृह और मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल दरभंगा**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के मद्देनज़र जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, दरभंगा श्री कौशल कुमार ने बाजार समिति, शिवधारा परिसर स्थित बज्रगृह (Strong Room), मतगणना केंद्र एवं डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।

**निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा** : निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया और सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कार्य निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप हों।



**सुरक्षा और तकनीकी व्यवस्थाओं पर जोर** : जिलाधिकारी ने बज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था का विशेष निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, विद्युत आपूर्ति की स्थिति और आपदा प्रबंधन संबंधी उपायों की समीक्षा की। यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश भी दिया गया कि सभी सुरक्षा मानक पूरी तरह से लागू हों।

**मतगणना केंद्र एवं डिस्पैच सेंटर की व्यवस्थाएं** : कौशल कुमार ने मतगणना केंद्र और डिस्पैच सेंटर में व्यवस्थित प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग और वेटिंग एरिया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उनका कहना था कि इन केंद्रों पर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए।

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति** : इस निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि की और आगामी निर्वाचन तैयारियों को समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

# दरभंगा प्रमंडल में राजस्व वसूली को लेकर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल दरभंगा**

दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त कौशल किशोर की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार, दरभंगा में आयोजित बैठक में दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिलों के 25-25 बड़े राजस्व बकायादारों के मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह न्यूनतम 10 करोड़ रूपये की राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागीय रणनीति को सख्ती से लागू करने और बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने पर जोर दिया।




**बड़े बकायेदार और मांग राशि**
दरभंगा जिले में दिवेश कुमार (जगदंबा फूड प्रोसेसिंग, 13.17 करोड़), अंशुमन राय (सहायक टी.पी.डी.एस, 6.79 करोड़) व शैलेंद्र कुमार (सत्यम राइस मिल, 6.75 करोड़) प्रमुख बकायेदार हैं। मधुबनी में मनोज कुमार सिंह (4.23 करोड़), पुरुषोत्तम नारायण ठाकुर (4.17 करोड़) व पवन कुमार (3.31 करोड़) शामिल हैं। समस्तीपुर जिले में विनोद कुमार सिंह (5.78 करोड़) और राजकुमार राय (2.91 करोड़) मुख्य बकायेदार हैं। आयुक्त ने कहा कि इनके अलावा शेष बकायेदारों से भी राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए।

**सख्त कार्रवाई और नीलाम प्रक्रिया** : नीलाम पत्र संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने हेतु सप्ताह में दो दिन नियमित सुनवाई करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए राजस्व संग्रहण को प्राथमिकता देने और बकाया वसूली नहीं होने पर कुर्की व जप्ती का आदेश देने का भी निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव, उप निदेशक जन संपर्क, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) तथा तीनों जिलों के नीलाम अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत सम्राट चौधरी ने किया दुकानों और शोरूम का दौरा

## -रियायत और सीधी मदद से बढ़ेगी खरीदारी क्षमता : सम्राट चौधरी

**पटना,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के बाद सेवा एवं वस्तु कर (जीएसटी) की नयी दर लागू होने के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को दुकानदारों और आम लोगों को बीच पहुंचे और जीएसटी बचत उत्सव के दौरान उन्होंने यह जाना कि नई दरें लागू से आम जनता को कितना लाभ हो रहा है।



22 सितंबर, सोमवार से जीएसटी स्लैब में हुए बदलाव के बाद सम्राट चौधरी राजधानी पटना के दुकानों और मोटरसाइकिल शोरूम में पहुंचे और यह जाना कि जीएसटी दरों में हुई कटौती से आम उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है या नहीं? श्री कृष्णा पुरी स्थित सुपर स्टोर में उन्होंने स्टोर मैनेजर से बातचीत कर मूल्य में आई कमी और खरीदारी पर पड़े असर की जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्योहारों से पहले देशवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। जीएसटी की नई दरों से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। मोटरसाइकिल खरीद पर भी 6 हजार से लेकर 13 हजार रुपये तक का सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। उन्होंने दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की कि वे इस राहत का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं।

चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को लूटने का काम किया और आम आदमी को कभी फायदा नहीं पहुंचाया। इसके विपरीत मोदी सरकार लगातार आम आदमी को, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को सुविधाएं दे रही है। त्योहारों के इस मौसम में केंद्र और राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खाते में सीधे राशि हस्तांतरित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 75 लाख बहनों के खाते में धनराशि हस्तांतरित करने वाले हैं। नवरात्र, दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व से पहले जीएसटी में रियायत और महिलाओं के खातों में सीधी मदद से ही लोगों की खरीदारी की क्षमता बढ़ेगी और त्योहार का आनंद दोगुना होगा।

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' में महिला फाइलेरिया मरीजों पर विशेष ध्यान

**पटना,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने महिलाओं में लिम्फेटिक फाइलेरिया से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने और उन्हें मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" शुरू किया है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इसके तहत फाइलेरिया से पीड़ित महिलाओं को व्यापक स्वास्थ्य जांच, परामर्श और स्व-देखभाल की जानकारी दी जाएगी।

अभियान में महिलाओं को डायबिटीज़, उच्च रक्तचाप और एनीमिया जैसी अन्य बीमारियों की स्क्रीनिंग के साथ-साथ स्वयं-स्वच्छता और स्व-देखभाल पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल (NCVBDC) के निर्देशों के अनुसार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में एमएमडीपी स्व-देखभाल अभ्यास का प्रदर्शन और मरीजों को आवश्यक किट भी वितरित की जाएगी।



सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल बीमारियों की पहचान और उपचार करना है, बल्कि महिलाओं में नियमित जांच और स्व-देखभाल की आदत विकसित करना भी है। NCVBDC ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित करने और लाभार्थियों की डिजिटल रिकॉर्डिंग (ABHA ID) सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर देखभाल मिलने से इन महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।कुल मिलाकर यह अभियान महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र में लाकर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# सड़क दुघर्टना में मजदूर की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के मसुदनपुर थाना क्षेत्र स्थित बाईपास पर सोमवार को सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। बलखुरिया गांव के पास अज्ञात बाइक ने एक मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतक की पहचान मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के बेलशिरा निवासी विपिन यादव के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री का काम करता था। लह अपने घर से भागलपुर की ओर जा रहा था, तभी यह दुर्घटना हुई। उधर सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक विपिन यादव की मौत हो चुकी थी।गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रखकर घंटों तक बाईपास को जाम कर दिया। वहीं परिजन ने कहा कि गरीब परिवार होने की वजह से उन्हें न तो तुरंत एंबुलेंस मिली और न ही कोई मुआवजे की घोषणा हुई। उनका आरोप था कि अगर किसी हाई प्रोफाइल परिवार का व्यक्ति होता तो तुरंत कार्रवाई होती। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक मुआवजे और न्याय की मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे सड़क जाम हटाने को तैयार नहीं हैं। मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन ने समझा-बुझाकर जाम हटवाया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक विपिन यादव अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है। इस घटना से परिजन में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है।

# शारदीय नवरात्र की भव्य शुरुआत, घर-घर गूंजे मां के जयकारे

**पटना,** (हि.स.)। शारदीय नवरात्र का पावन पर्व आज से आरंभ हो गया है। सुबह से ही देशभर में घरों, मंदिरों और पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई। भक्तों ने श्रद्धा और आस्था के साथ घटस्थापना कर व्रत-पूजन की शुरुआत की। वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा और हर जगह भक्ति व उल्लास का माहौल देखने को मिला।



नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विशेष महत्व होता है। पुराणों के अनुसार, शैलराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। मां शैलपुत्री वृषभ पर सवार होकर एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे हाथ में कमल पुष्प लिए भक्तों को दर्शन देती हैं। इनकी पूजा करने से साधक को स्थिरता, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। श्रद्धालु उपवास रखकर मंत्र-जाप, दुर्गा सप्तशती पाठ और भजन-कीर्तन कर मां की आराधना कर रहे हैं।

पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाएगी। पहले दिन शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कूष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नवें दिन सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी। अंतिम दिन कन्या पूजन और हवन के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा।

नवरात्र को लेकर मंदिरों और पूजा पंडालों को आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। जगह-जगह भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जहां देवी मां की अद्भुत प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। भक्ति संगीत, देवी गीत और मां के भजनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आ रहा है।

प्रशासन ने भी त्योहार को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। पंडालों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष टीम तैनात की गई है। साथ ही साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु मां दुर्गा से अपने जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना कर रहे हैं। भक्तों का विश्वास है कि मां दुर्गा की उपासना से न केवल कष्टों का निवारण होता है बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार भी होता है।

# नवादा में पिटाई के विरुद्ध चिकित्सको की हड़ताल,72 घंटे से अस्पताल की ओपीडी सेवा बंद

## आरोपी सुरेश यादव की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग प्रमुख

**नवादा,** (हि.स.)। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल सह ट्रामा सेंटर के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बीते 72 घंटे से हड़ताल पर हैं। यह कदम अस्पताल में घुसकर चिकित्सक के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों के खिलाफ उठाया गया। ओपीडी सेवाएं पूरी तरह ठप हैं और केवल आपातकालीन मरीजों को ही सेवा दी जा रही है।



गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि शनिवार देर शाम ड्यूटी में रहे डॉ. अनुज कुमार के साथ मारपीट की गई थी। उनकी मुख्य मांग है कि आरोपी सुरेश यादव को गिरफ्तार किया जाए और अस्पताल परिसर में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

मरीज परेशान, निजी चिकित्सक की ओर रुख दूर-दराज से आए दर्जनों मरीज इलाज न मिलने के कारण वापस लौट गए। परसा गांव की सलोनी कुमारी और बारा गांव के बाबूलाल यादव जैसी कई पीड़िताओं ने निजी चिकित्सकों से इलाज करवाने का विकल्प चुना।

अस्पताल प्रशासन की स्थिति अस्पताल के प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि 72 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी और सुरक्षा उपायों की पुष्टि होने पर ही ओपीडी सेवाएं पुनः चालू होंगी। सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन और एसडीएम रजौली को दी गई है।

# मेरा भारत स्वयंसेवकों के एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का हुआ आयोजन




**पटना,** (हि.स.)।

**01: युवाओं को नेतृत्व, समाज सेवा और डिजिटल प्लेटफॉर्म के सही उपयोग से सशक्त बनाना मेरा भारत का मुख्य उद्देश्य है।**

-----------------

**02 : सोशल मीडिया और स्थानीय परियोजनाओं के माध्यम से युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज परिवर्तन में महत्वपूर्ण है।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा भारत स्वयंसेवकों का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार स्थानीय एम्स, पटना के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार के 38 जिलों से कुल 923 स्वयंसेवक शामिल हुए।

**युवा नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास** : राम भाऊ मालगी प्रबोधिनी, नई दिल्ली के रिसोर्स पर्सन ने युवा नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक कार्यों पर चर्चा की। वैभव बेदारकर ने युवाओं को युवा क्लब के माध्यम से स्थानीय नेतृत्व सशक्त बनाने और समाज में योगदान करने का आग्रह किया। पल्लवी झा ने जीएसटी संशोधन के बारे में जानकारी साझा करते हुए युवाओं से इसे समुदाय में फैलाने का अनुरोध किया।

**सोशल मीडिया और स्थानीय परियोजनाएं** : दूसरे सत्र में प्रिया नाथ ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर युवाओं का ध्यान आकृष्ट किया। कमलाकांत पाठक और निदेशक रामभाऊ मालवीय ने स्थानीय सामुदायिक परियोजनाओं में युवाओं की भागीदारी और बदलाव लाने की भूमिका पर विचार साझा किए।

**केंद्रीय एवं राज्य अधिकारियों का मार्गदर्शन** : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधिकारीगण प्रकाश वैद्य, आर. एन. त्यागी, तरंग और नरेंद्र ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। सेमिनार का आयोजन सूर्यकांत कुमार, राज्य निदेशक, मेरा भारत, पटना के नेतृत्व में संपन्न हुआ।


## डॉलर की तुलना में 22 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आज रुपये ने डॉलर के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट के साथ 88.32 रुपये के स्तर पर बंद किया। कमजोर वैश्विक संकेतों, स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर की मजबूत मांग के चलते मुद्रा बाजार में नकारात्मक माहौल बना रहा। शुक्रवार को रुपया 88.10 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ था। आज के कारोबार की शुरुआत रुपये ने डॉलर के मुकाबले 8 पैसे कमजोर होकर 88.18 रुपये से की। कुछ समय के लिए रुपया 88.11 रुपये तक उबर गया, लेकिन बाजार में नकारात्मक प्रवृत्ति के कारण यह 88.35 रुपये तक गिर गया। दिन के अंत में डॉलर के मुकाबले 22 पैसे की कमजोरी के साथ 88.32 रुपये पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा ने अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोरी दिखाई। ब्रिटिश पौंड के मुकाबले रुपया 26.42 पैसे गिरकर 119.23 रुपये पर पहुंचा, जबकि यूरो के मुकाबले 38.68 पैसे की गिरावट के साथ 103.99 रुपये पर बंद हुआ।

खुराना सिक्योरिटीज के सीईओ रवि चंदर खुराना के अनुसार, वैश्विक आर्थिक हलचल और अमेरिका द्वारा भारत पर बढ़ाए जा रहे दबाव के कारण विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकाल रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप डॉलर और अन्य प्रमुख मुद्राओं की मांग बढ़ रही है, जिससे रुपया कमजोर हुआ है।

## केदारनाथ सोना विवाद की जांच रिपोर्ट में बीकेटीसी को मिली क्लीन चिट



देहरादून, 22 सितंबर (हि.स.)। केदारनाथ धाम के गर्भगृह को स्वर्ण मंडित करने के मामले में गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की जांच रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) को पूरी तरह से क्लीन चिट दी गई है। यह जानकारी आरटीआई के माध्यम से प्राप्त हुई।

उत्तराखंड सरकार ने केदारनाथ गर्भगृह में स्वर्ण मंडन को लेकर गड़बड़ी के आरोपों के बाद गढ़वाल आयुक्त को जांच का निर्देश दिया था। आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल सेमवाल ने शासन के पर्यटन व धर्मस्व विभाग से मामले की जानकारी मांगी, जिसके जवाब में आयुक्त की जांच रिपोर्ट और शासन स्तर की प्रचलित पत्रावली साझा की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीकेटीसी ने ना तो सोना खरीदा और ना ही अपने स्तर से लगवाया। समिति ने दानीदाता द्वारा स्वर्ण मंडित कार्य को शासन के निर्देशानुसार सहयोग प्रदान किया।

जांच में यह पाया गया कि गर्भगृह में सोने की प्लेटें लगाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और सीबीआरआई रुड़की की टीम ने कार्य प्रारंभ से पहले निरीक्षण किया और शर्तों के अनुसार कार्य को उपयुक्त पाया। दानीदाता दलीप लाखी और जेम्स इम्पैक्स प्रालि के कारीगरों ने गर्भगृह से चांदी की प्लेटें हटाकर तांबे की प्लेटों पर स्वर्ण बर्क चढ़ाया। इसके बाद इन्हें दिल्ली से वापस लाकर घोड़े-खच्चरों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा में केदारनाथ पहुंचाया गया।

स्वर्ण मंडित प्लेटों को पुलिस निगरानी में बीकेटीसी इग्लू हट में रखा गया और कारीगरों की निगरानी में गर्भगृह में स्थापित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 23.777 किग्रा सोने और 1001.300 किग्रा तांबे का उपयोग हुआ, जिसे बीकेटीसी ने अपने स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किया। आयुक्त ने बताया कि बीकेटीसी के तत्कालीन अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने 4 अगस्त, 2022 को सचिव, संस्कृति व धर्मस्व को पत्र भेजकर दानीदाता की मदद से गर्भगृह को स्वर्ण मंडित कराने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद 3 सितंबर, 2022 को दानीदाता ने स्वयं सचिव को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की पुष्टि की।

## जीएसटी कम होने का असर : विश्व प्रसिद्ध बीकानेरी भुजिया की रेट में पंद्रह से बीस रुपए की कमी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बीकानेर, 22 सितंबर (हि.स.)। केंद्र सरकार ने ब्रांडेड भुजिया पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद बीकानेर के भुजिया उत्पादकों ने दाम कम कर दिए हैं। शहर की करीब 100 भुजिया भट्टियों में भुजिया अब 15 से 20 रुपए प्रति किलो सस्ती हो गई है। पहले 220 रुपए प्रति किलो बिक रही भुजिया अब 200 रुपए से शुरू हो रही है।

**खुले भुजिया पर भी असर**

खुले भुजिया पर जीएसटी कम नहीं हुई, लेकिन व्यापारियों ने दाम कम कर दिए हैं। आचार्यों के चौक के ऋषि पुरोहित ने बताया कि 220 रुपए प्रति किलो भुजिया अब 200 रुपए में मिल रही है। जीएसटी में बदलाव के कारण भुजिया की कीमत में न्यूनतम 7 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**ब्रांडेड और पैक्ड भुजिया पर रेट में बदलाव**

बीकाजी ने 200 ग्राम वाले पैकेट की कीमत 62 रुपए से घटाकर 58 रुपए कर दी है, जबकि 400 ग्राम वाले पैकेट की रेट 122 रुपए से घटाकर 110 रुपए कर दी गई है। गिफ्ट पैकिंग वाले पैकेट की कीमत भी कम की गई है। दूसरी बड़ी कंपनी "भीखाराम चांदमल" ने भी 240 रुपए प्रति किलो भुजिया की कीमत घटाकर 224 रुपए कर दी है।

## सरकार पीएमयूवाई के तहत नवरात्रि पर देगी 2.5 लाख मुफ्त एलपीजी कनेक्शन

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नवरात्रि के पहले दिन केंद्र सरकार ने महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत देशभर में 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन मुफ्त दिए जाएंगे। इस फैसले के बाद उज्ज्वला लाभार्थियों की कुल संख्या 10.6 करोड़ हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक कनेक्शन पर सरकार 2,050 रुपये खर्च करेगी, जिसमें गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और अन्य उपकरण शामिल हैं।

**सस्ती रिफिल और सामाजिक लाभ** : मंत्री ने बताया कि वर्तमान में उज्ज्वला परिवार का सिलेंडर केवल 553 रुपये में रिफिल होता है, जिसमें 300 रुपये की सरकारी सब्सिडी शामिल है। इस योजना ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में भी महिलाओं के जीवन में क्रांति ला दी है। उज्ज्वला 2.0 के तहत लाभार्थियों को पहला रिफिल और चूल्हा भी मुफ्त दिया जा रहा है, जिससे गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए यह जीवन आसान और स्वास्थ्य सुरक्षित हुआ है।




**नारी शक्ति और सशक्तिकरण** : पुरी ने अपने संदेश में लिखा कि उज्ज्वला योजना महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का हवाला देते हुए बताया कि योजना माताओं और बहनों के भविष्य को उज्जवल बनाने में मदद कर रही है। यह योजना सिर्फ रसोई तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे परिवार की जीवनशैली में बदलाव लेकर आई है।

## जीएसटी में नई कटौती से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगी : जोशी




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने प्रह्लाद जोशी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से 2030 तक निवेशकों को 1.5 लाख करोड़ रुपये तक की बचत होगी। साथ ही 2030 तक भारत के 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के छठे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के अवसर पर जीएसटी दरों में की गई कटौती लागू होने के पहले दिन यह बात कही। सम्मेलन से इतर जोशी ने पत्रकारों से कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नवरात्रि के अवसर पर नवीकरणीय उपकरणों पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी करने के लिए धन्यवाद देता हूं। जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत लगभग 20 लाख घरों को सौर ऊर्जा का लाभ मिला है।

इसके अलावा आज विश्व ऊर्जा भंडारण दिवस पर जोशी ने 'ऊर्जा भंडारण-स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति देना' सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि हाल ही में हुई स्वच्छ ऊर्जा नीलामी में, मध्य प्रदेश ने बैटरी स्टोरेज वाली सौर ऊर्जा के लिए भारत में अब तक की सबसे कम कीमत मात्र 2.70 रुपये प्रति यूनिट हासिल करके एक नया राष्ट्रीय मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को गति और पैमाने के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

## नवरात्रि पर सोना-चांदी की कीमतों में तेज उछाल, निवेशकों का ध्यान सुरक्षित संपत्ति की ओर



नवरात्रि की शुरुआत पर सोना और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया है। एमसीएक्स पर सोना 1,10,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,32,355 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 3,688.76 डॉलर और चांदी 43.20 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है।

## "यूरिक एसिड: कब होता है खतरनाक और कैसे रखें इसे कंट्रोल में"



यूरिक एसिड शरीर में बनने वाला एक टॉक्सिन है, जिसे किडनी फिल्टर कर बाहर निकालती है। इसके अधिक होने पर जोड़ों में दर्द, थकान और कमजोरी जैसी समस्याएं होती हैं। महिलाओं में यूरिक एसिड का नॉर्मल स्तर 2.4–6.0 mg/dL और पुरुषों में 3.4–7.0 mg/dL होता है। यदि यह 9.5 mg/dL तक पहुँच जाए तो यह किडनी फेलियर, किडनी स्टोन, ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यूरिक एसिड मुख्यतः प्यूरीन युक्त भोजन, अधिक स्ट्रेस और कुछ बीमारियों जैसे किडनी, शुगर या ब्लड प्रेशर से बढ़ता है। बढ़ा हुआ यूरिक एसिड विशेषकर पैरों के अंगूठे में दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई पैदा करता है। इसे नियंत्रित करने के लिए नॉनवेज और दाल का सेवन सीमित करें, वजन नियंत्रित रखें और संतुलित आहार अपनाएं।

# राशिफल : 23 सितंबर, 2025

मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुनर्स्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। चिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7

मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

# पंचांग : 23 सितंबर, 2025

23 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र कन्यामें
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 07.37 बजे से
वृश्चिक 09.52 बजे से
धनु 12.08 बजे से
मकर 14.13 बजे से
कुंभ 15.59 बजे से
मीन 17.32 बजे से
मेष 19.03 बजे से
वृष 20.43 बजे से
मिथुन 22.41 बजे से
कर्क 00.55 बजे से
सिंह 03.11 बजे से
कन्या 05.23 बजे से

मंगलवार 2025 वर्ष का 266 वां दिन

दिशाशूल उत्तर ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947

मास आश्विन पक्ष शुक्ल

तिथि द्वितीया 04.52 बजे प्रातः को समाप्त। नक्षत्र हस्त 13.40 बजे को समाप्त। योग ब्रह्म 20.23 बजे को समाप्त। करण बालव 15.52 बजे तदनन्तर कौलव 04.52 बजे प्रातः को समाप्त। चन्द्रायु 01.2 घण्टे

रवि क्रान्ति दक्षिण 000 06
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872476
जूलियन दिन 2460941.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हजरी सन् 1446
महीना रवि उलावल

तारीख 30

विशेष चंद्र दर्शन।

# श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि शुरू

**जम्मू,** (हि.स.)। नौ दिवसीय नवरात्रि आज धूमधाम से शुरू हो गई और श्री माता वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा जो 18 सितंबर को फिर से शुरू हुई थी में देश भर से तीर्थयात्रियों के आगमन में वृद्धि देखी जा रही है जो त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शारदीय नवरात्रि की शुरुआत के शुभ अवसर पर तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

श्राइन बोर्ड ने पवित्र मंदिर में दर्शन करने आने वाले तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए भवन, अटका और आसपास के क्षेत्रों को एक उज्ज्वल आध्यात्मिक नखलिस्तान में खूबसूरती से बदल दिया है। भव्य सजावट में देशी-विदेशी फलों, फूलों, भव्य स्वागत द्वारों और सुंदर ढंग से डिजाइन किए गए ट्रैक का अद्भुत मिश्रण है इसके अलावा भवन क्षेत्र को आकर्षक रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगाया गया है जिससे श्रद्धालुओं के लिए एक मनमोहक माहौल बन गया है।

श्राइन बोर्ड ने नवरात्रों के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक व्यवस्था की है।

अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाले सभी मार्गों को पूरी तरह से चालू रखा गया है।

18 सितंबर की सुबह कटरा आधार शिविर से यात्रा शुरू होने के बाद से चार दिनों में लगभग 10,000 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। हालाँकि खराब मौसम के कारण शाम को इसे स्थगित कर दिया गया था लेकिन अगले दिन फिर से शुरू कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन कम से कम 2,000 तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन करते हैं।



# उत्तराखंड : यूकेएसएसएससी का पेपरलीक नहीं, परीक्षा प्रणाली को सनसनीखेज बनाने के लिए सोशल मीडिया पर किया गया वायरल

## -सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रसारित करने की जानकारी के आधार पर तत्काल एसआईटी गठित

**देहरादून,** (हि.स.)।उत्तराखंड के यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा एक बार फिर विवादों में आ गई है। परीक्षा शुरू होने के 35 मिनट बाद पेपर के तीन पेज के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। हालांकि पुलिस और आयोग ने स्पष्ट किया कि पेपर लीक नहीं हुआ है। दोनों ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए स्क्रीनशॉट का उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को बदनाम करना या सनसनीखेज बनाना था। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि पुलिस प्रश्न पत्र भेजने वाले खालिद मलिक की तलाश कर रही है।



**पुलिस और आयोग की जांच** रविवार देर रात्रि एसएसपी अजय सिंह और यूकेएसएसएससी के अध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलिया ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी संगठित गिरोह या गैंग की संलिप्तता नहीं मिली। सोशल मीडिया पर वायरल स्क्रीनशॉट की जांच की जा रही है और परीक्षा केंद्र पर की गई पुलिस चेकिंग की भी समीक्षा हो रही है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि एक लाख 54 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे और पेपर की शुचिता पर कोई असर नहीं पड़ा है।


**सोशल मीडिया पर फैलाव और कानूनी कार्रवाई**

बॉबी पंवार ने स्क्रीनशॉट मांगते हुए इसे पुलिस तक न पहुँचाने की सलाह दी। पुलिस के अनुसार, स्क्रीनशॉट वायरल कर परीक्षा प्रणाली को बदनाम करने का प्रयास किया गया। इस मामले में थाना रायपुर में उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं उपाय) अध्यादेश 2023 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों की पहचान हो चुकी है और गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है। जांच जारी है और सोशल मीडिया पर फैलाव की गहन विवेचना की जा रही है।

**प्रकरण का विवरण** : जांच में पता चला कि स्क्रीनशॉट पहले सुमन नामक महिला के पास पहुँचा, जो टिहरी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उनके अनुसार, खालिद मलिक ने परीक्षा के प्रश्नों की फोटो उन्हें भेजी थी, जिसका उपयोग उनकी बहन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में किया गया। सुमन ने प्रकरण की जानकारी पुलिस को देने हेतु प्रार्थना पत्र भी लिखा।

# कर्नाटक में जाति जनगणना शुरू

**बेंगलुरु (कर्नाटक),** (हि.स.)। राज्य में सामाजिक और शैक्षणिक सर्वेक्षण (जाति जनगणना) आज से शुरू हो गई। कई समुदायों के असंतोष, आपत्तियों और चिंताओं के बीच राज्य का पिछड़ा वर्ग आयोग 7 करोड़ लोगों के घर-घर जाकर सारी जानकारी इकट्ठा करेगा। जाति जनगणना के लिए 1.75 लाख शिक्षकों को तैनात किया गया है और उन्हें अग्रिम तैयारियों के साथ प्रशिक्षित किया गया है। गणनाकार 60 प्रश्नों के माध्यम से सारी जानकारी दर्ज करेंगे। ईसाई उपजातियों के नाम दर्ज करने के मामले में आयोग ने विभिन्न राजनीतिक और प्रशासनिक जटिलताओं के कारण 33 ईसाई उपजातियों को सूची से हटा दिया है। हालांकि, लोग चाहें तो अपना धर्म और जाति विवरण स्वयं दर्ज कर सकते हैं। बेंगलुरु शहर में तैयारी और प्रशिक्षण में देरी के कारण सर्वेक्षण 2-3 दिन देरी से शुरू होगा। इस बीच, उच्च न्यायालय आज जाति जनगणना को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की जनहित याचिका पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है और अन्य याचिकाओं पर भी विचार किए जाने की संभावना है।




# सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में बंगाल के डॉ. नीलांकुश आचार्य का नाम देश में दूसरा और विश्व में 35वां स्थान



**कोलकाता,** (हि.स.)।

**1 अब तक उन्होंने 60 अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र और तीन पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए हैं।**

---------

खड़दह के गणितज्ञ और शिक्षक डॉ. नीलांकुश आचार्य ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैश्विक सूची में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में अपना नाम दर्ज कर भारत में दूसरा और विश्व स्तर पर 35वां स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2020 से जारी इस सूची में वैज्ञानिकों के शोध, प्रभाव और उद्धरणों के आधार पर स्थान दिया जाता है। मुख्य समाचार: डॉ. आचार्य वर्तमान में बैरकपुर स्थित उमाशशी हाई स्कूल में गणित पढ़ाते हैं। नैनोफ्लुइड पर उनके शोध ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। नैनोफ्लुइड ऐसे द्रव हैं जिनमें 100 नैनोमीटर से भी छोटे ठोस कण होते हैं, और इनका उपयोग इंजीनियरिंग, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में किया जाता है। वर्ष 2020 में उनकी वैश्विक रैंकिंग 2443 थी, जो लगातार सुधरते हुए 2024 में 35वें स्थान तक पहुंच गई। उनके पास 60 अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र और तीन पुस्तक अध्याय प्रकाशित हैं। डॉ. आचार्य का शैक्षणिक सफर भी प्रेरक है—कृष्णनगर से माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद उन्होंने राजाबाजार साइंस कॉलेज से एप्लाइड मैथमेटिक्स में पोस्टग्रेजुएशन और जादवपुर विश्वविद्यालय से पीएचडी की। साधारण परिवार से आने वाले 35 वर्षीय डॉ. आचार्य की मां, जिन्होंने उन्हें पढ़ाई में प्रेरित किया, 2020 में कैंसर से निधन हो गया। इसके बावजूद उन्होंने अपने शोध और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कीं। स्टैनफोर्ड सूची में उनका नाम दर्ज होना न केवल बंगाल बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

# दिल्ली में सीवर सफाई के दौरान कर्मचारी की मौत का एनएचआरसी ने लिया स्वतः संज्ञान, दो हफ्ते में जवाब तलब

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**पीड़ितों को उचित मुआवजा देने और निजी कंपनी के प्रबंधक से पूछताछ की जा रही है।**

-----------------

दिल्ली के अशोक विहार में 16 सितंबर को सीवर की सफाई के दौरान एक कर्मचारी की मौत और तीन अन्य के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने सभी संबंधित पक्षों से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी** : एनएचआरसी के अनुसार, मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला कि चारों कर्मचारियों को एक निजी निर्माण परियोजना के लिए नाले में सीवर की सफाई हेतु भेजा गया, जबकि उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण नहीं प्रदान किए गए थे। नाले में उतरने के बाद चारों कर्मचारियों की हालत बिगड़ गई और कई बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने एक कर्मचारी को मृत घोषित किया और तीन अन्य को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती किया गया।

**मानवाधिकार उल्लंघन का गंभीर मामला** : एनएचआरसी ने इसे मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन बताया। आयोग ने कहा कि सभी राज्यों में सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम न्यायालय के आदेशों के बाद लगातार परामर्श जारी किया गया है। ऐसे हादसे होना अत्यंत दुखद है और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

**जांच और मुआवजे की कार्रवाई** : आयोग ने दिल्ली सरकार, नगर निगम आयुक्त और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले की जांच और रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही पीड़ितों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की गई है। मामले में निजी कंपनी के प्रबंधक से भी पूछताछ जारी है।

# एनएससीएन(के) पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग (एनएससीएन-के) और उसके सभी गुटों, शाखाओं तथा अग्रणी संगठनों को तुरंत प्रभाव से पांच वर्षों के लिए गैरकानूनी घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना में बताया गया कि संगठन भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा बन चुका है।




**सरकार का उद्देश्य और स्थानीय सिफारिशें :**

मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड की राज्य सरकारों की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया। केंद्र का मानना है कि संगठन को तुरंत रोकना आवश्यक है, नहीं तो यह फिर से संगठित होकर राष्ट्रविरोधी अभियान चला सकता है। यह आदेश 28 सितंबर से तत्काल प्रभाव से लागू होगा और पांच साल तक प्रभावी रहेगा।

**संगठन की गैरकानूनी गतिविधियां** : एनएससीएन-के ने भारत से अलग होकर भारत-म्यांमार क्षेत्र के नगा आबादी वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक अलग संप्रभु नगालैंड बनाने की योजना बनाई थी। इसके अलावा संगठन ने उल्फा (आई), पीआईपीएके और पीएलए जैसे अन्य गैरकानूनी संगठनों से गठजोड़ किया। व्यापारियों, सरकारी अधिकारियों और नागरिकों से जबरन धन वसूलने और अपहरण जैसी गतिविधियों में भी संगठन संलिप्त रहा।

**सरकार की कार्रवाई और परिणाम** : वर्ष 2020 से 2025 के बीच 71 मामले दर्ज किए गए, 85 कैडर गिरफ्तार किए गए और 69 ने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में हथियार, कारतूस, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद किए गए।

# जीएसटी सुधारों से हर वर्ग के लोगों को हो रहा लाभ : भाजपा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देशभर में आज से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू हो गई हैं। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसे "महाबचत महोत्सव" बताते हुए कहा है कि इन सुधारों से हर वर्ग के लोगों को लाभ होगा।


**जीएसटी सुधार से आम लोगों को सस्ती वस्तुएं** : रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले के बाद जीएसटी रिफॉर्म आज से लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाली लगभग हर चीज की कीमतों में कमी आएगी और इससे आम जनता में खुशी की लहर है।



**विपक्ष पर तंज और पिछली सरकारों की तुलना :**

वैष्णव ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि जीएसटी सुधार से जन-जन खुश है, लेकिन विपक्ष इसे स्वीकार नहीं कर रहा। उन्होंने बताया कि यूपीए शासनकाल में सीमेंट पर 30 प्रतिशत, फुटवियर पर 18 प्रतिशत, सैनिटरी पैड पर 13 प्रतिशत, रेफ्रिजरेटर पर 30 प्रतिशत और डिटरजेंट पर 30 प्रतिशत टैक्स था, जो अब क्रमशः 18, 5, 0, 18 और 5 प्रतिशत हो गया है।

**आर्थिक वृद्धि और किसानों को लाभ** : वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधार से खपत में करीब 12 प्रतिशत वृद्धि होगी, जिससे जीडीपी में लगभग 20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों और आम लोगों तक इसका प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। सरकार प्रधानमंत्री के "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र को ध्यान में रखकर इसे लागू कर रही है।





# मोरक्को की धरती से राजनाथ सिंह का पाकिस्तान को सख्त संदेश

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय मोरक्को यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली मोरक्को यात्रा है। वह यहां टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने पहुंचे, जो अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। इस दौरान उन्होंने अपने समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी से मुलाकात की और राजधानी रबात में भारतीय समुदाय को संबोधित किया।

**पीओके पर दिया बड़ा बयान**

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि "पीओके अपने आप भारत का हिस्सा बनेगा"। उन्होंने याद दिलाया कि कश्मीर घाटी में पहले भी उन्होंने यही बात कही थी कि भारत को पीओके पर हमला करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, वहां की जनता खुद भारत से जुड़ने की मांग करेगी। राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया कि वह दिन आएगा जब पीओके खुद कहेगा – "मैं भी भारत हूं"।

**आतंकवाद पर दो टूक :** रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने हमेशा आतंकवाद का जवाब केवल आतंकियों को मारकर दिया है, न कि नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर। उन्होंने कहा – "जिन्ह मोहि मारा, तिन्ह मोहि मारे"। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब 26 लोगों को धर्म पूछकर मारा गया, तो भारतीय सेना ने पूरी तैयारी के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन में आतंकी ठिकानों को सीमा पार 100 किलोमीटर अंदर जाकर नष्ट किया गया।

**भारत की बढ़ती ताकत और नारी शक्ति :** राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत को वैश्विक मंचों पर गंभीरता से सुना जा रहा है। दुनिया भर में भारत की स्थिति पहले से कहीं मजबूत हुई है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि अब महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा में 33% आरक्षण मिलेगा। साथ ही भारत में स्टार्टअप क्रांति का जिक्र करते हुए बताया कि 2014 में जहां 500 स्टार्टअप थे, वहीं आज उनकी संख्या 1.60 लाख तक पहुंच गई है और यूनिकॉर्न की संख्या 118 हो चुकी है

कुल मिलाकर, मोरक्को से राजनाथ सिंह ने न केवल पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया बल्कि भारतीय समुदाय को भारत की बढ़ती ताकत, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा से भी अवगत कराया।

## सुशीला कार्की कैबिनेट के चार मंत्रियों ने ली शपथ, अंतिम समय में एक नाम हटाया गया

**लंदन,** (हि.स.)।

**01: अनिल कुमार सिन्हा (उद्योग, कानून व भूमि व्यवस्था), महावीर पुन (शिक्षा, विज्ञान व प्रौद्योगिकी), जगदीश खरेल (संचार व सूचना) और मदन परियार (कृषि) मंत्री बने।**

-----------------

**02 : स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए प्रस्तावित डॉ. संगीता मिश्रा विवाद के कारण अंतिम समय में शपथ सूची से हटा दी गईं।**

-----------------



**काठमांडू,** (हि.स.)। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल होने के लिए चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में एक विशेष समारोह में इन्हें शपथ दिलाई। पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और कृषि विशेषज्ञ मदन परियार ने मंत्री पद की शपथ ली। सिन्हा ने उद्योग, कानून और भूमि व्यवस्था मंत्री, पुन ने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, खरेल ने संचार और सूचना मंत्री तथा परियार ने कृषि मंत्री के रूप में शपथ ली।स्वास्थ्य मंत्री बनने के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव के पद से इस्तीफा देने वाली डॉ. संगीता मिश्रा को लेकर विवाद होने के बाद उनका नाम अंतिम समय में शपथग्रहण की सूची से हटा दिया गया। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को राष्ट्रपति पौडेल से डॉ. मिश्रा को स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्यभार सौंपने की सिफारिश की थी।

## पुर्तगाल भी ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया के साथ, फ़िलिस्तीन को दी मान्यता, फ्रांस भी तैयार, इजराइल का रुख और कड़ा

**लंदन,** (हि.स.)।

**01: इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, 'कोई फिलिस्तीनी राज्य नहीं होगा।'**

-----------------

**02: फ्रांस, बेल्जियम और अन्य यूरोपीय देश भी मान्यता देने की तैयारी में।**

-----------------

**03: अमेरिका अब सुरक्षा परिषद का एकमात्र स्थायी सदस्य रह जाएगा जो फिलिस्तीन का विरोध करेगा।**

-----------------



गाजा में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के बीच ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब पुर्तगाल ने भी फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देने की घोषणा की है। यह कदम इजराइल पर कूटनीतिक दबाव बढ़ाने और द्वि-राज्य समाधान को आगे बढ़ाने की कोशिश माना जा रहा है। अब नजर फ्रांस और अन्य यूरोपीय देशों पर है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसी तरह की घोषणा कर सकते हैं।

**नेतन्याहू का कड़ा विरोध** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इन घोषणाओं को आतंकवाद को इनाम देने जैसा बताया। उन्होंने साफ कहा कि "कोई फिलिस्तीनी राज्य नहीं होगा" और पश्चिमी तट पर यहूदी बस्तियों का विस्तार जारी रहेगा। राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग ने भी इन कदमों को शांति प्रक्रिया के लिए बेकार बताते हुए निराशा जताई।

**यूरोपीय देशों और संयुक्त राष्ट्र की भूमिका :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मान्यता की पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने गाजा में बंधकों की रिहाई को पूर्व शर्त बताया। बेल्जियम, लक्ज़मबर्ग और सैन मैरिनो भी इसी दिशा में कदम उठा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के 140 से अधिक सदस्य पहले ही फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। लेकिन सुरक्षा परिषद में अमेरिका का रुख बड़ा अवरोध बना हुआ है।

**अमेरिका और वैश्विक राजनीति** : अमेरिका, इजराइल का सबसे मजबूत सहयोगी, फिलहाल फिलिस्तीन को मान्यता देने के खिलाफ खड़ा है। चीन और रूस पहले ही 1988 में मान्यता दे चुके हैं, ऐसे में अमेरिका सुरक्षा परिषद का अकेला स्थायी सदस्य रह जाएगा जो इसके खिलाफ होगा। आने वाले दिनों में फ्रांस-सऊदी अरब संयुक्त रूप से दो-राज्य समाधान सम्मेलन की मेजबानी करेंगे, जबकि अमेरिका इससे अलग-थलग दिख रहा है।

### बुलेटिन बॉक्स

- **» ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन को औपचारिक मान्यता देने की घोषणा की।**

-----------------

- **» वाशिंगटन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने अमेरिकी अदालत में अपने पक्ष में सबूत पेश किए।**

-----------------

- **» पाकिस्तानी एयर फोर्स द्वारा तिराह घाटी में किए गए बम विस्फोट में कम से कम 24 लोगों की मौत।**

-----------------

- **» संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया, सऊदी अरब और कतर ने वीजा प्रक्रिया कड़ी करने की घोषणा की। शामिल हुए।**

-----------------

## पाकिस्तान की तिराह घाटी में विस्फोट : 24 की मौत, कई घायल



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की तिराह घाटी में सोमवार को हुए भयंकर विस्फोट में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हुए। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार यह विस्फोट उस परिसर में हुआ जहां पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के सदस्य बम बनाने का सामान जमा कर रहे थे। इसमें 10 नागरिक और 14 आतंकवादी मारे गए, जबकि विस्फोट के कारण आसपास के कई घर भी नष्ट हो गए। स्थानीय पुलिस अधिकारी जफर खान ने बताया कि यह परिसर तालिबान कमांडरों अमन गुल और मसूद खान द्वारा बम बनाने और हथियार छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। यह परिसर टीटीपी द्वारा पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संचालित ठिकानों और बम बनाने की सुविधाओं के बड़े नेटवर्क का हिस्सा माना जाता है। पाकिस्तान की वायु सेना ने कथित तौर पर हवाई हमले किए, जिससे विस्फोट और तबाही हुई। स्थानीय सांसद अब्दुल गनी अफरीदी ने इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे "मानवता के विरुद्ध अपराध" बताया। उन्होंने कहा कि निर्दोष बच्चों, महिलाओं और युवाओं की मौत राज्य की ओर से उत्पीड़न है और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। अफरीदी ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों से अपील की कि वे इस घटना पर ध्यान दें और पीड़ितों के लिए आवाज उठाएं। पाकिस्तान सरकार की ओर से अभी तक इस विस्फोट पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट को महिला साबित करने को वैज्ञानिक सबूत पेश करेंगे राष्ट्रपति मैक्रों

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने अमेरिकी प्रभावशाली व्यक्ति कैंडेस ओवेंस के खिलाफ डेलावेयर, अमेरिका में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। ओवेंस ने सोशल मीडिया पर यह दावा किया था कि ब्रिगिट जन्म से पुरुष हैं, जो फ्रांस की प्रथम महिला के लिए अपमानजनक और झूठा आरोप माना जा रहा है।

मुकदमे की पैरवी कर रहे वकील टॉम क्लेयर ने बताया कि कोर्ट में वैज्ञानिक सबूत और तस्वीरें पेश की जाएंगी, जो ब्रिगिट की महिला होने की पुष्टि करेंगी। विशेषज्ञ गवाही के माध्यम से सोशल मीडिया पर फैलाए गए झूठ और अफवाहों को उजागर किया जाएगा। क्लेयर ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिक और कानूनी तौर पर प्रमाणित होगी।


ब्रिगिट के लिंग को लेकर अटकलें फ्रांस में वर्षों से चली आ रही हैं। ओवेंस ने जुलाई 2025 में "बीकमिंग ब्रिगिट इन इंट्रोडक्शन" नामक वीडियो में इस आरोप को दोहराया था।

यह मुकदमा ऐसे समय में चल रहा है जब मैक्रों की लोकप्रियता घट रही है और सरकार अस्थिरता का सामना कर रही है।

ब्रिगिट मैक्रों ने फ्रांस की अदालतों में भी इस मामले का सामना किया है। मैक्रों दंपति का उद्देश्य सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और मानहानि से अपनी और ब्रिगिट की प्रतिष्ठा की रक्षा करना है।

## यूएई के बाद अब मलेशिया, सउदी अरब और कतर ने भी नेपाल के लिए कड़ी की वीजा प्रक्रिया

**- नेपाल विदेश मंत्रालय ने खाड़ी देशों के दूतावासों के साथ आज बैठक बुलाई**




**काठमांडू,** (हि.स.)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बाद अब मलेशिया, सऊदी अरब और कतर ने भी नेपाली नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को कड़ा करना शुरू कर दिया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने इस विषय पर चर्चा के लिए खाड़ी देशों के दूतावासों के साथ मंगलवार को एक बैठक बुलाई है। नेपाल विदेशी रोजगार उद्यमी संघ के सचिव कुंचदोरजे डिमडोंग ने बताया कि नेपाल में हाल ही में हुए जेन जी आंदोलन के बाद उत्पन्न सुरक्षा और राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यूएई ने 15 सितंबर से यात्रा और कार्य वीजा नियमों को सख्त कर दिया है। अब मलेशिया, सऊदी अरब और कतर सहित अन्य खाड़ी देशों ने भी वीजा आवेदन प्रक्रिया में कड़ी शर्तें लागू कर दी हैं। डिमडोंग के अनुसार, खाड़ी देश अब पुराने पुलिस रिपोर्ट को अमान्य कर नए दस्तावेज मांग रहे हैं। इस वजह से कई वीजा आवेदन रद्द किए जा रहे हैं। यूएई ने विजिट वीजा पर पूरी तरह से रोक लगा दी है और वर्क वीजा की शर्तें भी सख्त कर दी हैं। इसके पीछे माना जा रहा है कि जेन जी आंदोलन के दौरान जेल से भागे कैदी उनके देश में प्रवेश कर सकते हैं। यूएई ने हालांकि इस पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। इसके साथ ही नेपाली कारोबारियों को यह बताया गया है कि सुरक्षा चुनौतियों और आंतरिक प्रबंधन कारणों के चलते यह कदम उठाया गया है। इस कड़ी नियमावली से नेपाली नागरिकों के खाड़ी देशों में रोजगार और यात्रा की संभावनाओं पर असर पड़ेगा।



# सीपीएल 2025 : ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने पांचवीं बार जीता खिताब, गयाना को 3 विकेट से हराया

**नई दिल्ली,** (हि.स)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने गयाना अमेजन वॉरियर्स को हराते हुए पांचवीं बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। गयाना में खेले गए फाइनल में ट्रिनबागो ने वॉरियर्स को तीन विकेट से हराया। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स छठी बार फाइनल में पहुंची थी और उसमें से 5 बार वो चैंपियन बनी है। इससे पहले उसने ये ट्रॉफी 2015, 2017, 2018, 2020 में जीती है।

### गयाना की धीमी शुरुआत, 130 रनों पर सिमटी पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 130 रन बनाए। टीम के लिए सबसे बड़ी पारी इफ्तिखार अहमद ने खेली, जिन्होंने 27 गेंदों पर 30 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में बेन मैकडरमोट ने 17 गेंदों पर 28 रन और ड्वेन प्रीटोरियस ने 18 गेंदों पर 25 रन बनाए। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर 3 विकेट लेकर सौरभ नेत्रवलकर सबसे सफल गेंदबाज रहे। वहीं अकील हुसैन ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट झटके।

**ट्रिनबागो की आसान जीत :** लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम ने 18 ओवरों में 7 विकेट पर 133 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से सर्वाधिक रन एलेक्स हेल्स ने बनाए। उन्होंने 34 गेंदों में 26 रन बनाए। कॉलिन मुनरो 23 रन, सुनील नारायण 22 रन, कीरोन पोलार्ड 21 रन और अकील हुसैन ने 7 गेंदों में नाबाद 16 रन बनाए।

**प्लेयर ऑफ द मैच' बने अकील हुसैन :** फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अकील हुसैन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने न सिर्फ गेंदबाजी में दो विकेट लिए, बल्कि दबाव की स्थिति में ताबड़तोड़ 7 गेंदों में 16 रन बनाकर टीम को जीत की ओर पहुंचाया।

# IND-A vs AUS-A: दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट मैच

**नई दिल्ली,** (हि.स)। इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट मैच 23 से 26 सितंबर तक लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भारत ए के लिए केएल राहुल और मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है। पहला टेस्ट मैच इसी मैदान पर ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ए ने 7 विकेट पर 532 रन बनाए, जिसमें सैम कोंस्टास और जोश फिलिप ने शतक जड़े। जवाब में भारत ने 531/7 रन बनाए, जिसमें ध्रुव जुरेल और देवदत्त



पडिक्कल ने शतक लगाया। मैच बारिश के कारण कई बार रुका।

दूसरे टेस्ट का टॉस सुबह 9 बजे होगा और मैच सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। भारत में इस मैच का लाइव प्रसारण या स्ट्रीमिंग किसी चैनल/ऐप पर उपलब्ध नहीं है, लेकिन लाइव अपडेट के लिए इंडिया टीवी वेबसाइट पर जानकारी मिलती रहेगी। भारत ए की टीम में श्रेयस अय्यर (कप्तान), जुरेल, पडिक्कल, राहुल और सिराज सहित 17 खिलाड़ी शामिल हैं।

# जय शाह को आईसीसी और बीसीसीआई ने जन्मदिन की दी बधाई

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने चेयरमैन को जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी आईसीसी चेयरमैन जय शाह को उनके जन्मदिन की बधाई दी है।

आईसीसी ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा, "हमारे अध्यक्ष जय शाह को 37वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई। अब तक अपने कार्यकाल के दौरान शाह ने आईसीसी को महिला और पुरुष दोनों स्पर्धाओं में रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा करने, शोभा, यूनिलीवर और गूगल जैसे नए प्रायोजक हासिल करने और तीन सफल वैश्विक आयोजनों का नेतृत्व करने में मदद की है।"

बीसीसीआई ने एक्स पोस्ट में लिखा, "आईसीसी के चेयरमैन जय शाह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई !" बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एक्स पोस्ट में लिखा, "आईसीसी अध्यक्ष जय शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना करता हूं।"

भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गंभीर ने लिखा, "जय शाह, जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। खेल को आगे बढ़ाने के लिए आपकी लगन और अथक प्रयास आने वाली पीढ़ियों पर अमिट छाप छोड़ेगी।"

जय शाह का जन्म 22 सितंबर 1988 को हुआ था। वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे हैं। उन्होंने 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के साथ अपना सफर शुरू किया था। साल 2019 में जय



शाह को बीसीसीआई सचिव पद की जिम्मेदारी मिली थी। वह एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्तमान में आईसीसी के चेयरमैन हैं।

# दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप : जेमिमा रोड्रिग्स ने 16 सदस्यीय भारतीय टीम को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स ने भारत में 11 से 25 नवंबर तक होने वाले पहले दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के लिए चयनित सभी 16 खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस महीने की शुरुआत में भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने टीम की घोषणा की थी। जेमिमा ने कहा कि यह गर्व का पल है कि पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप भारत में आयोजित हो रहा है और उन्हें विश्वास है कि भारतीय टीम ट्रॉफी जीतकर




देश का नाम रोशन करेगी।

**आयोजन और विशेष पहल** हाल ही में सीएबीआई अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नावर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और इस विशाल आयोजन का विवरण प्रस्तुत किया। उनके साथ पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं, जो टूर्नामेंट की आयोजन समिति की अध्यक्ष हैं। यह दर्शाता है कि टूर्नामेंट को लेकर सरकारी और खेल संगठनों का समर्थन मजबूत है।

**भारतीय टीम और टूर्नामेंट की जानकारी :** आगामी दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे। मैच नई दिल्ली, बेंगलुरु और कोलंबो (श्रीलंका) में होंगे। टूर्नामेंट में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग ले रही हैं। भारतीय टीम में बी1, बी2 और बी3 श्रेणी की 16 खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें दीपिका टी सी कप्तान और गंगा एस कदम उपकप्तान हैं। चयनित खिलाड़ियों में दिल्ली, बिहार, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान की प्रतिभाएं शामिल हैं, जो देश का नाम रोशन करने को तैयार हैं।

### जेमिमा रोड्रिग्स की शुभकामनाएं और उत्साह :

112 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकीं जेमिमा रोड्रिग्स ने बयान में कहा, "भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम के लिए चुनी गईं सभी 16 खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। यह शानदार होने वाला है। मुझे पता है कि आप सभी के लिए उत्साह दोगुना होगा। मैं सभी के ट्रॉफी उठाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।" उनके शब्दों से स्पष्ट है कि यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणादायक होगा।

# BCCI ने जुबीन गर्ग को वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 में दी श्रद्धांजलि





BCCI ने असम के प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग को ICC वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 के उद्घाटन समारोह में श्रद्धांजलि देने का ऐलान किया है।

जुबीन का हाल ही में सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग हादसे में निधन हो गया था। 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले उद्घाटन समारोह में उनके लिए 40 मिनट का विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल अपने लोकप्रिय गीतों और टूर्नामेंट के ऑफिशियल सॉन्ग "ब्रिंग इट होम" की प्रस्तुति देंगी।

उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका

BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि जुबीन गर्ग का निधन असम में गहरा शोक है और क्रिकेट जगत की तरफ से यह उनकी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने भारतीय महिला टीम पर भरोसा जताया और कहा कि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत ICC वूमेन्स वर्ल्ड कप में पहली ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचने का लक्ष्य रखता है।

# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका की साझी मेजबानी में होने जा रही है, जबकि फाइनल मुकाबला 2 नवंबर को खेला जाएगा। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टीम की तैयारी और प्रदर्शन को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। हीली ने कहा कि उनका समूह संतुलित है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई युवा खिलाड़ी शामिल हैं। कुछ के लिए यह पहला एकदिवसीय विश्व कप है, लेकिन सभी को उच्च दबाव वाले टूर्नामेंटों का अनुभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम में मौजूद अनुभव और ताजगी का मिश्रण उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करने में मदद करेगा। हीली ने भारत में खेलने के उत्साह का भी ज़िक्र किया और कहा कि यह जगह टीम के लिए परिचित और रोमांचक है। चोट से वापसी के बाद उन्होंने भारत ए के खिलाफ छह मैच खेले, जिनमें तीन टी20 और तीन 50-ओवर मैच शामिल थे। इसके बाद उन्होंने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज़ 2-1 से जीतने में टीम की कप्तानी की। उन्होंने इसे व्यक्तिगत रूप से बड़ी उपलब्धि बताया। ऑस्ट्रेलिया के अधिकांश ग्रुप मैच भारत में होंगे, लेकिन दो मैच श्रीलंका में भी खेले जाएंगे। हीली ने कहा कि टीम को श्रीलंका में पिछली बार 2016 में खेलने का अनुभव है और कई खिलाड़ियों को वहां विभिन्न विकास दौरों के माध्यम से अनुभव प्राप्त है। हीली ने कहा, "विश्व कप में हर टीम के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हर मैच महत्वपूर्ण है। हमारा समूह इस चुनौती का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है।" ऑस्ट्रेलिया टीम अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी।

# भारत केसरी कलुआ गुर्जर ने दी हरियाणा के पुष्पेंद्र नेवी को दी पटकनी, ढाई लाख जीते

**गौतम बुद्ध नगर,** (हि.स.)। स्वर्गीय प्रधान श्याम सिंह की स्मृति में आयोजित 35वें विशाल दंगल में ढाई लाख रुपये की इनामी कुश्ती का खिताब भारत केसरी रेलवे के पहलवान कलवा गुर्जर ने जीत लिया। रोमांचक मुकाबले में उन्होंने हरियाणा के भारत केसरी पहलवान पुष्पेंद्र नेवी को पराजित किया। नगर के सेक्टर-74 स्थित तिवोली फार्म के पास खुले मैदान में रविवार दोपहर से शुरू हुआ यह दंगल देर रात तक चला। सबसे बड़ी इनामी कुश्ती से पहले उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री डीपी यादव ने



दोनों पहलवानों का हाथ मिलवाया और कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति का पारंपरिक खेल है, जो युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने युवाओं को नशा व अपराध से दूर रहकर खेलों से जुड़ने का संदेश दिया। दंगल के आयोजक जितेंद्र यादव और विक्रांत यादव ने बताया कि यह आयोजन उनके पिता स्व. श्याम सिंह की स्मृति में हर साल किया जाता है। इसमें देशभर से सैकड़ों पहलवान हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष 1100 रुपये से लेकर 21 हजार, 51 हजार, एक लाख एक हजार और एक लाख 51 हजार रुपये तक की कई कुश्तियां कराई गईं। विजेता पहलवानों को केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में भाजपा नेता विक्रांत यादव, किसान परिषद अध्यक्ष सुखबीर खलीफा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। भीड़ उमड़ने से आयोजन स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा और पारंपरिक खेल कुश्ती के प्रति लोगों का उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया।